नई दिल्ली

शनिवार 25 अप्रैल 2026

वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 06
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## केजरीवाल बोले: बीजेपी ने फिर से पंजाबियों के साथ धक्का किया

# पंजाब सरकार के खिलाफ ऑपरेशन लोटस चलाया जा रहा है: आम आदमी पार्टी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के कई राज्यसभा सदस्यों की बगावत पर पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बीजेपी ने फिर से पंजाबियों के साथ धक्का किया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि भाजपा ने पंजाब के साथ विश्वासघात किया है। राज्यसभा में आम आदमी पार्टी संसदीय दल के नेता संजय सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार के खिलाफ ऑपरेशन लोटस चलाया जा रहा है। इस ऑपरेशन लोटस को अंजाम देने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। पंजाब की जनता इन 'गद्दारों' को कभी नहीं भूलेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब में भगवंत मान सरकार 300 यूनिट मुफ्त बिजली मुहैया कराती है, बच्चों की अच्छी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम करती है और 30 वर्षों से सूखे पड़े नहरों में पानी भर चुकी है। यह दलित और आदिवासी समुदायों की महिलाओं को 1,500 रुपये और माताओं और बहनों को प्रति माह 1,000 रुपये सीधे उनके खातों में देती है। सिंह ने कहा कि इतना ही नहीं, यह पंजाब में किसी भी व्यक्ति की गंभीर बीमारी के लिए 10 लाख रुपये तक का मुफ्त चिकित्सा उपचार भी प्रदान करती है।

> पंजाब की जनता इन 'गद्दारों' को कभी नहीं भूलेगी: संजय सिंह



**पंजाब की जनता के साथ विश्वासघात किया:** इन सब कार्यों के बावजूद, नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी ने भगवंत मान ⏩ शेष पेज 5 पर




राघव चड्ढा

## आप के राज्यसभा सांसदों ने की बगावत, भाजपा का दामन थामा



राजिंदर गुप्ता



संदीप पाठक



हरभजन सिंह



विक्रम सहनी



स्वाति मालीवाल



अशोक मित्तल

## राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने किया पार्टी छोड़ने का ऐलान

# अच्छा, तो 'हम भी' चलते हैं

- चार राज्यसभा सांसदों हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल ने जतायी सहमति
- आप के दो-तिहाई सदस्य होने के नाते हम भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे:राघव चड्ढा
- चड्ढा, मित्तल और पाठक ने भाजपा अध्यक्ष नवीन से की मुलाकात
- सांसद बोले: अब अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल सिद्धांतों से पूरी तरह भटक चुकी है आप

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के कई राज्यसभा सदस्यों ने शुक्रवार को अपनी पार्टी से बगावत कर भाजपा का दामन थाम लिया। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी छोड़ने का ऐलान किया। चड्ढा ने कहा कि आप के दस राज्यसभा सांसदों में से हम सात पार्टी छोड़ रहे हैं। हम तीन यहां मौजूद हैं और चार सांसद हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल हमारे साथ हैं।



संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राघव चड्ढा ने कहा कि हमने फैसला किया है कि राज्यसभा में आप के दो-तिहाई सदस्य होने के नाते हम भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे।

राघव चड्ढा, अशोक कुमार मित्तल और संदीप पाठक ⏩ शेष पेज 5 पर

### भाजपा अध्यक्ष नवीन से की मुलाकात

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने भाजपा मुख्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। नवीन ने भाजपा में शामिल होने पर आप के सभी सात राज्यसभा सांसदों को बधाई देते हुए पार्टी में उनका स्वागत किया। तीन राज्यसभा सांसदों राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने व्यक्तिगत तौर पर भाजपा अध्यक्ष नवीन से मुलाकात की।









## कहा, बंगाल में 4 मई को टीएमसी का 'भाइपो टैक्स' बंद हो जाएगा

# पश्चिम बंगाल के पहले चरण की 152 सीटों में 110 से ज्यादा सीटें जीत रही भाजपा: अमित शाह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुए अभूतपूर्व रिकॉर्ड मतदान के लिए पश्चिम बंगाल की जनता का धन्यवाद किया। शाह ने कहा कि बंगाल की जनता ने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए बदलाव के लिए वोट किया है और पहले चरण में भारतीय जनता पार्टी 152 सीटों में से 110 से अधिक सीटें जीतने जा रही है। साथ ही दूसरे चुनाव चरण को मिलाकर प्रचंड बहुमत के साथ बंगाल में पूर्ण रूप से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

**'भय से भरोसे' की यात्रा शुरू :** अमित शाह ने कहा कि कल बंगाल विधानसभा 2026 चुनाव के प्रथम चरण में मतदान के दौरान बंगाल की जनता ने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए अभूतपूर्व उत्साह और जोश के साथ परिवर्तन के लिए वोट किया है। मतदान का जो प्रतिशत सामने आया है, वह देश के लोकतंत्र में भरोसा करने वाले लोगों का उत्साह बढ़ाने वाला है। बंगाल के मतदाताओं ने 'भय से भरोसे' की यात्रा को बहुत अच्छे तरीके से शुरू किया है और दूसरे चरण के मतदाता भी इस यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। चुनाव आयोग, सीएपीएफ, चुनाव आयोग के सहयोग में लगे पूरे तंत्र और बंगाल पुलिस को भी हृदयपूर्वक बहुत-बहुत अभिनन्दन कि बंगाल में बहुत लंबे समय बाद ऐसा चुनाव हुआ है जिसमें एक भी मृत्यु नहीं हुई है, जो अपने आप में अभूतपूर्व है।

- बोले, ममता दीदी, बंगाल का अगला सीएम बंगाली ही होगा, लेकिन वह आपका भतीजा नहीं, भाजपा का कार्यकर्ता होगा: केंद्रीय गृहमंत्री
- 'भाजपा बंगाल में असम की तर्ज पर एंटी-एन्क्रोचमेंट ड्राइव चलाकर जमीन को घुसपैठियों से मुक्त कराएगी'



### ममता जाने वाली, भाजपा आने वाली है

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमारे पास जो फीडबैक आया है, उसमें बंगाल की जनता ने अपना भविष्य पहले चरण में ही तय कर लिया है। बंगाल के प्रथम चरण के मतदाताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल भी उसमें जुड़ने जा रहा है। 16 जिलों की 152 सीटों पर 92.98% मतदान यह बताता है कि ममता बनर्जी जाने वाली हैं और भाजपा आने वाली है। बंगाल से भय जाने वाला है और भरोसा आने वाला है। हमने देर रात तक सभी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी बंगाल की टीम द्वारा हुए मतदान का आकलन किया है। भारतीय जनता पार्टी 152 सीटों में से 110 से अधिक सीटें जीतने जा रही है। इसका अर्थ यह है कि दूसरे चुनाव चरण को मिलाकर प्रचंड बहुमत के साथ बंगाल में पूर्ण रूप से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

### पहली प्राथमिकता महिलाओं को सुरक्षा

शाह ने कहा कि बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बहुत बड़े मायने हैं और हमारी पहली प्राथमिकता महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना और उन्हें भयमुक्त करना होगा। जिस राज्य की महिला मुख्यमंत्री यह कहती हों कि 7 बजे के बाद महिलाओं को घर से निकलने की आवश्यकता नहीं है। 5 तारीख को ⏩ शेष पेज 5 पर

### शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुए

उन्होंने कहा कि 2016 के चुनाव में 1278 लोग घायल हुए थे, 2021 में 1681, 2023 के पंचायत चुनाव में 664 और 2024 के आम चुनाव में 761 लोग घायल हुए थे। इसके मुकाबले कल 30 से कम लोग घायल हुए, जो यह दर्शाता है कि व्यापक रूप से चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है और मृत्यु का आंकड़ा शून्य रहा है। बंगाल में मतदान में हुई वृद्धि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए परिवर्तन का संकेत है, क्योंकि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और अन्य नेताओं की रैलियों तथा रोड शो को व्यापक समर्थन मिला, वही समर्थन प्रथम चरण में बैलेट मशीन में भी दर्ज हुआ है। पहले एक बड़ी आशंका व्यक्त की जा रही थी कि जनसमर्थन तो है, लेकिन क्या वह मतदान केंद्र तक पहुंचेगा? अब यह आशंका समाप्त हो गई है और हमें विश्वास है कि दूसरे चरण में और अधिक उत्साह के साथ मतदान होगा। अब दूसरे चरण के मतदाताओं की यह जिम्मेदारी है कि इस परिवर्तन के दौर को आगे बढ़ाएं। 5 तारीख के बाद अंग, बंग और कलिंग तीनों क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी का शासन होगा, कमल का शासन होगा और यह पूरे पूर्वी भारत के लिए एक शुभ संकेत है।

## खबर संक्षेप

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेमेंट्स बैंक नियमों का पालन न करने के कारण पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया। आरबीआई ने कहा कि बैंक का संचालन ऐसे तरीके से किया जा रहा था, जो उसके जमाकर्ताओं के हितों के लिए हानिकारक था। केंद्रीय बैंक ने बताया कि वह बैंक को बंद करने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करेगा। आरबीआई ने कहा कि बैंक ने उसे दिए गए पेमेंट्स बैंक लाइसेंस की शर्तों का पालन नहीं किया, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई है।




## 73 राज्यसभा सांसदों ने किए दस्तखत

# सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ फिर महाभियोग प्रस्ताव की तैयारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- सीईसी के खिलाफ 9 विशिष्ट आरोप
- मार्च में मात खा गया था विपक्ष
- लक्ष्य 200 सांसदों का समर्थन हासिल करना

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष ने राज्यसभा में महाभियोग चलाने के लिए एक नया नोटिस जमा किया है। मार्च में मात खाने के बाद, अप्रैल के इस नई कोशिश में अब तक राज्यसभा के 73 सांसदों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। विपक्ष इस बार पहले से ज्यादा आक्रामक नजर आ रहा है और उसका टारगेट 200 से ज्यादा सांसदों का समर्थन हासिल करना है। इससे पहले 12 मार्च को भी 193 सांसदों के हस्ताक्षर वाला एक प्रस्ताव संसद के दोनों सदनों में लाया गया था, जिसमें ज्ञानेश कुमार पर पद की मर्यादा के प्रतिकूल आचरण और पक्षपात के गंभीर आरोप लगाए गए थे। हालांकि, उस वक्त लोकसभा अध्यक्ष ने तकनीकी आधार पर प्रस्ताव ⏩ शेष पेज 5 पर



ज्ञानेश कुमार

### संवैधानिक प्रावधान और प्रक्रिया

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324(5) के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त को केवल सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आधार पर ही राष्ट्रपति के आदेश से हटाया जा सकता है। इसके लिए संसद के दोनों सदनों, यानी लोकसभा और राज्यसभा, द्वारा एक ही सत्र में उस ⏩ शेष पेज 5 पर

## पीएम मोदी ने हुगली नदी पर किया नौका विहार

# सभी से मिलजुलकर खुशी के साथ रहने का दिया संदेश



फोटो भी साझा किया

एजेंसी ⏭ कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भी पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने अपने दिन की शुरुआत कोलकाता में हुगली नदी में नाव की सवारी से की। इस दौरान उन्होंने नाविकों से बातचीत की। हुगली जिले के नाविक गौरांगो बिस्वास ने कहा कि पीएम मोदी अचानक आए, नाव किराए पर ली और सैर के लिए चले गए। बिस्वास ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी सुबह करीब 7 बजे ⏩ शेष पेज 5 पर

# भूपेश को डराया, धमकाया फिर भी कांग्रेस के साथ अडिग, आप के 50 विधायक भी छोड़ेंगे पार्टी, वडिंग ने किया दावा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के सात सांसदों का भाजपा में जाना पंजाब में किसी के लिए भी कोई बड़ा फर्क नहीं डालेगा, क्योंकि ये सभी सांसद बिना जड़ों वाले हैं और इनका राज्य में कोई मजबूत आधार नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप के पास कोई ठोस विचारधारा नहीं है और इसके विधायकों तथा सांसदों में भी कोई वैचारिक प्रतिबद्धता नहीं है। इसलिए आज इनका भाजपा में जाना हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि आज सिर्फ 7 सांसद हैं, कल को 50 विधायक भी आप छोड़ सकते हैं। आप ने राज्यसभा और विधानसभा की टिकटें किस तरह बांटी हैं, यह सबको पता है।



### कारोबारी हितों के लिए भाजपा में शामिल

उन्होंने राज्यसभा के सदस्यों के बारे में विशेष तौर पर बात करते हुए, कहा कि ये टिकटें बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों को दी गई थीं, जिन्होंने आप की अलग-अलग तरीकों से मदद की थी। आज जब वे भाजपा में शामिल हो गए हैं, तो आप को हैरान नहीं होना चाहिए, क्योंकि वे कभी भी ⏩ शेष पेज 5 पर

## यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के लिए हरियाणा में 91 एसटीपी कार्यरत: नायब

# मुख्यमंत्री ने यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के लिए विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की

- यमुना कैचमेंट एरिया में 5 साल में 41 एसटीपी लगाए, 11 नए एसटीपी का निर्माण प्रक्रियाधीन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य है कि साल 2027 के अंत तक यमुना नदी में एक भी बूंद गंदे पानी की न जाए। इसके लिए सभी विभाग मिलकर तेजी से कार्य करें और जहां आवश्यकता हो वहां नए औद्योगिक अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (ईटीपी), सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तथा सामान्य अपशिष्ट उपचार केंद्र (सीईटीपी) लगवाए जाएं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित एक बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए किए जा रहे कार्यों की ⏩ शेष पेज 5 पर



## ईरान के महावाणिज्य दूतावास ने अपनी पोस्ट में महाराष्ट्र की विरासत वाला वीडियो साझा किया

### कहा, कभी इंडिया आके देखो, यहां की विविधता-संस्कृति को जानने के लिए महाराष्ट्र की यात्रा करना 'कल्चरल डिटॉक्स' जैसा हो सकता है

# अमेरिका की 'नरक' वाली टिप्पणी पर ईरान ने फिर कसा ट्रंप पर तंज...

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सोशल मीडिया पर भारत और चीन को नरक जैसी जगह (हेलहोल) बताने वाली एक पोस्ट को रीपोस्ट करने से मानो ईरान के हाथ तुरूप का इक्का लग गया है। अब वो लगातार इसका इस्तेमाल अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय छीछालेदर करने में कर रहा है। ताजा मामला ईरान के मुंबई स्थित महावाणिज्य दूतावास की एक 'एक्स' पोस्ट से जुड़ा हुआ है। जिसमें उसने राष्ट्रपति ट्रंप को भारत की विविधता और संस्कृति को जानने-पहचानने यानी उसका अनुभव करने के लिए महाराष्ट्र की यात्रा करने का सुझाव दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि यह एक प्रकार से उनके लिए 'कल्चरल डिटॉक्स', 'सांस्कृतिक उपचार' जैसा हो सकता है। यहां बता दें कि पूर्व में भारत और चीन को नरक बताने पर अमेरिका को ईरान ने बुरी तरह से लताड़ लगाते हुए कहा था कि असली नरक तो अमेरिका है। जिसके युद्ध अपराधी राष्ट्रपति ने ईरान की सभ्यता को नष्ट करने की धमकी दी है। भारत, चीन सभ्यता को पालने वाले दो देश हैं।



### हैशटैग संग साझा किया अनोखा वीडियो

ईरान के महावाणिज्य दूतावास ने अपनी पोस्ट में महाराष्ट्र की सुंदरता और विरासत को प्रदर्शित करने वाला एक वीडियो भी साझा किया है। जिसमें अनोखे हैशटैग के साथ लिखा है, 'कभी इंडिया आके देखो'। हैशटैग का मुख्य उद्देश्य आर्थिक राजधानी के नाम से मशहूर महाराष्ट्र और भारत की सकारात्मक छवि के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देना है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान के एक बाद एक सोशल मीडिया पर अमेरिका पर किए जा रहे हमलों को उसके कूटनीतिक तंज व भारत के समर्थन ⏩ शेष पेज 5 पर

### विदेश मंत्रालय ने भी खूब सुनाया

गौरतलब है कि भारत के विदेश मंत्रालय ने ट्रंप की उक्त टिप्पणी को सख्त अंदाज में खारिज करते हुए अमेरिका को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। एक बयान में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नरक वाली टिप्पणी और उसके बाद भारत में अमेरिकी दूतावास की प्रतिक्रिया किसी भी तरह से भारत-अमेरिका के संबंधों और व्यापक साझेदारी को प्रदर्शित नहीं करते हैं। टिप्पणियां पूरी तरह से मूर्खतापूर्ण, अनुचित और दूषित सोच को दर्शाती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने देश के एक रूढ़िवादी लेखक और रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के पॉडकास्ट के टेक्स्ट को एक पत्र के रूप में सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर रीपोस्ट किया था। जिसमें उन्होंने सैवेज की भारत और चीन को नरक जैसी जगह बताने और इन देशों में रहने वाले लोगों को लैपटॉप वाले गुंडे या गैंगस्टर कहने वाले बयान का एक प्रकार से समर्थन किया।




चार सत्रों में हितधारकों के साथ हुई चर्चा

# दिल्ली को देश की ईवी राजधानी बनाने की दिशा में कर रहे हैं कार्य : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ स्वच्छ गतिशीलता की दिशा में कदम बढ़ाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में, दिल्ली सरकार का परिवहन विभाग राजधानी को देश की ईवी राजधानी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में परिवहन विभाग, जीएनसीटीडी ने ड्राफ्ट दिल्ली ईवी नीति 2026 पर एक हितधारक परामर्श सम्मेलन आयोजित किया, जिसकी अध्यक्षता उन्होंने स्वयं की। इस बैठक में परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं ई-मोबिलिटी क्षेत्र से जुड़े प्रमुख हितधारक शामिल हुए, जिन्होंने नीति को और सशक्त बनाने हेतु सुझाव और सिफारिशें प्रस्तुत कीं। मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हम दिल्ली को देश की ईवी राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली ईवी नीति 2026 के लागू होने से ईवी वाहनों और संबंधित अवसंरचना में वृद्धि होगी, जिससे प्रदूषण कम होगा और नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर होगी। यह परामर्श सम्मेलन साक्ष्य-आधारित सुझावों को एकत्र करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, ताकि ड्राफ्ट नीति को अंतिम रूप दिया जा सके। सम्मेलन को चार सत्रों में विभाजित किया गया था। जिसमें से सत्र 1 में दोपहिया एवं तिपहिया ओईएम, सत्र 2 में चारपहिया ओईएम, सत्र 3 में डिस्कॉम, चार्ज प्वाइंट ऑपरेटर एवं बैटरी स्वैपिंग ऑपरेटर और सत्र 4 में मालवाहक वाहन ओईएम पर चर्चा की गई।

## आदर्श नगर में हत्या के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी जिले के आदर्श नगर इलाके के सनसनीखेज हत्याकांड में वांछित 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। मुकुंदपुर निवासी अरबाज अली को उसकी गतिविधियों के बारे में मिली विशिष्ट सूचनाओं के आधार पर बृहस्पतिवार को मुकुंदपुर और बुराड़ी के बीच जाल बिछाकर पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान अली ने खुलासा किया कि 19 अप्रैल को उसने अपने साथियों ऋतिक और कुणाल के साथ मिलकर आजादपुर में झुग्गी के पास रेलवे लाइन के किनारे राखी और उसके पति आशु पर चाकू से हमला किया था। हमले के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। राखी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था, जबकि आशु बच गया।

पुलिस के अनुसार सह-आरोपी ऋतिक और कुणाल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अली गिरफ्तारी से बच रहा था। जांच टीम को अली के ठिकाने के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी और पता चला था कि वह शहर से भागने की फिराक है। इसके बाद जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अभी हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## शाहदरा में कहासुनी के बाद दोस्तों ने युवक को चाकू मारा

**नई दिल्ली।** शाहदरा इलाके के कृष्णा नगर में कहासुनी के बाद दोस्तों ने ही युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस को बृहस्पतिवार रात नौ बजे झगड़े के संबंध में पीसीआर के जरिये सूचना मिली थी, जिसके बाद एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आरोपी फिलहाल फरार है।

पुलिस के अनुसार घटनास्थल सी ब्लॉक पर पहुंचने पर पता चला कि घायल नाजिम (26) को पहले ही हेडगेवार आरोग्य संस्थान अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था, जबकि कथित हमलावर फरार हो गए थे। बयान में नाजिम ने पुलिस को बताया कि झगड़े के बाद उसके कुछ दोस्तों ने उस पर धारदार हथियार से हमला किया और फिर मौके से फरार हो गए। एक फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच के लिये सबूत जुटाए। नाजिम के पेट के ऊपरी बाएं हिस्से पर और बाएं हाथ पर धारदार हथियार से कट के निशान है। युवक कृष्णा नगर इलाके में ही परिवार के साथ रहता है। वह वेल्डिंग की दुकान पर काम करता है। वहीं मुख्य आरोपी एक गारमेंट की दुकान पर काम करता है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (हत्या का प्रयास) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## डीएमआरसी ऑपरेशन और सर्विसेज़ निदेशक डॉ. अमित जैन को मिला मुख्यमंत्री पुरस्कार



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के ऑपरेशन और सर्विसेज़ निदेशक डॉ. अमित कुमार जैन को शासन और जन सेवा वितरण में उत्कृष्टता और नवाचार के लिए दिल्ली मुख्यमंत्री पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार एक समारोह के दौरान उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सीएम रेखा गुप्ता की मौजूदगी में प्रदान किया। जानकारी अनुसार डॉ. अमित कुमार जैन को शहरी गतिशीलता में परिवर्तनकारी डिजिटल पहलों को आगे बढ़ाने में उनके नेतृत्व की पहचान के तौर पर प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार सिविल सेवा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री जन सेवा सदन, सिविल लाइन्स में प्रदान किया गया। डीएमआरसी के अनुसार डा. जैन ने कई अभिनव डिजिटल समाधानों की परिकल्पना करने और उन्हें लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिन्होंने दिल्ली मेट्रो में यात्रियों के अनुभव और जन सेवा वितरण को काफी बेहतर बनाया है। इनमें क्यूआर कोड-आधारित डिजिटल टिकटिंग, वर्चुअल स्मार्ट कार्ड, एआई -संचालित चैटबॉट 'चेतना (कुशल ट्रांजिट नेविगेशन और सहायता के लिए चैटबॉट), और डीएमआरसी सारथी मोबाइल एप्लिकेशन शामिल हैं। यह एकीकृत सिस्टम घर-से-घर तक की यात्रा योजना के साथ मोबिलिटी-एज-ए-सर्विस को सक्षम बनाता है। इन पहलों ने टिकटिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है, निर्बाध बहु-माध्यम एकीकरण को संभव बनाया है, और एक अधिक कुशल, सुलभ और ग्राहक-केंद्रित परिवहन प्रणाली प्रदान करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा एनालिटिक्स का प्रभावी उपयोग किया है। यह उपलब्धि डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार की सशक्त संस्थागत दृष्टि और मार्गदर्शन को दर्शाती है। जिनके नेतृत्व में संगठन ने बड़े पैमाने पर डिजिटल परिवर्तन और नवाचार को अपनाया है। उनकी रणनीतिक दिशा ने डीएमआरसी को स्मार्ट और टिकाऊ शहरी परिवहन के क्षेत्र में एक वैश्विक मानक के रूप में स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाई है।

# दिल्ली की मंडियों में एमएसपी पर गेहूं खरीद का पहला दिन रहा खाली

दया राम ⏭ नई दिल्ली



■ दिल्ली देहात के ज्यादातर किसान पिछले कुछ दिनों में अपनी फसल मंडियों में बेच चुके हैं

■ एमएसपी पर फसल की खरीद अगर 15 दिन पहले शुरू होती तो किसानों को मिलता फायदा

दिल्ली की अनाज मंडियों में शुक्रवार से एमएसपी पर गेहूं की फसल की खरीद शुरू हुई। हालांकि यहां फसल खरीदने की तो तैयारियां थी पर किसान नदारद नजर आये। इसका बड़ा कारण यह रहा कि दिल्ली देहात के ज्यादातर किसान पिछले कुछ दिनों में अपनी फसल मंडियों में बेच चुके हैं। इन किसानों को हाल के कुछ दिनों में एमएसपी पर खरीद शुरू नहीं होने के चलते अपनी फसल आढ़तियों की मनमर्जी पर औने पौने दामों पर बेचनी पड़ी थी। अब एमएसपी पर खरीद शुरू हुई तो कई दिनों की देरी से, लिहाजा अब मंडियों में गेहूं की आवक कम ही रहने वाली है। जाहिर है दिल्ली सरकार की सुस्ती एक बार फिर किसानों पर भारी पड़ती नजर आई।

ज्ञात हो कि किसानों की इस परेशानी को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद हरकत में आई दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार से संवाद स्थापित किया और दिल्ली देहात के किसानों की नाराजगी दूर करने के लिए नरेला अनाज मंडी के पास भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) परिसर और नजफगढ़ मंडी में एमएसपी दर से गेंहू की खरीद के निर्देश जारी हुए। शुक्रवार को पहले दिन नरेला स्थित एफसीआई परिसर में एफसीआई मंडल प्रबंधक, डिपो प्रबंधक, नरेला अनाज मंडी प्रशासन, खाद्य आपूर्ति विभाग, क्षेत्रीय खंड विकास कार्यालय और कृषि भवन से भी अधिकारी मौजूद रहे।

## 35 लाख के ई-कॉमर्स धोखाधड़ी केस में सुपरवाइजर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी जिले के भारत नगर पुलिस ने 35 लाख के ऐमेजॉन फ्रॉड केस में सुपरवाइजर को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि सुपरवाइजर की भूमिका डिलीवरी चेन की बड़ी कड़ी के रूप में सामने आई थी। पुलिस कार्रवाई में बरामद आई की संख्या 14 से बढ़कर 20 हो गई।
पुलिस के अनुसार आरोपी सुपरवाइजर का नाम मोहित पुत्र विनोद कुमार निवासी आदर्श नगर है। यह आरोपी डिलीवरी नेटवर्क में सुपरवाइजर के तौर पर काम करता था और इस संगठित धोखाधड़ी में इसकी अहम भूमिका थी। इसके पास से छह आईफोन बरामद किए गये हैं। लगातार चली जांच के दौरान आरोपी की भूमिका एक ऐसे मुख्य सूत्रधार के रूप में सामने आई, जो डिलीवरी रिकॉर्ड में हेरफेर करता था और गलत तरीके से फायदा उठाने के लिए कीमती सामान को दूसरी तरफ मोड़ देता था। बाकी चोरी हुए आईफोन का पता लगाने का प्रयास पुलिस कर रही है।

## हिंदू कॉलेज की कंप्यूटर लैब में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में शुक्रवार सुबह आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना पूर्वाह्न 11:23 बजे मिली, जिसके बाद दमकल की छह गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गई। कंप्यूटर लैब में आग लगी थी। कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि कूलिंग का कार्य बाद में भी जारी रहा। शुक्रवार को कॉलेज के वार्षिक उत्सव का दूसरा दिन है। छात्रों ने कहा कि इस घटना के कारण निर्धारित कार्यक्रमों में थोड़ी देरी हुई। कॉलेज प्रशासन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के ही आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज के परिसर में भी आग लग गई थी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T01 दि.23.04.2026** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोतर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.:- 01, कार्य का नाम:-** पूर्वोतर रेलवे के वाराणसी मंडल के झूंसी स्टेशन में एक कॉमन रनिंग लाइन सीएसएल 750 मीटर के संबंध में 25 के.वी. विद्युतीकरण कार्य।, **टैंडर रिफरेश नं.:- SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T01, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:- ₹ 16743743.63, धरोहर राशि रुपया में:- ₹ 334900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:-** शून्य, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:-** 15.05.2026 upto 14:45 Hrs., **कार्य पूरा करने की अवधि:-** 6 माह, • खुली ई-निविदा दिनांक 15.05.2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-22 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## डीडीए ने की एमएलसीपी पार्किंग सुविधाओं के डेवलपमेंट के लिए पांच प्लाटों के ई-नीलामी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने शुक्रवार को मल्टी-लेवल कार पार्किंग (एमएलसीपी) सुविधाओं के डेवलपमेंट के लिए पांच प्लाटों की ई-नीलामी की घोषणा की है। डीडीए ने बताया कि करीब 1,261 इक्विवेलेंट कार स्पेस (ईसीएस) की कुल कैपेसिटी के साथ, इन प्रोजेक्ट्स को सड़क पर पार्किंग का दबाव कम करने और घनी आबादी वाले इलाकों में ट्रैफिक फ्लो बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वित्तीय रूप से फायदेमंद होने और शहरी जगहों को बेहतर बनाने के लिए, प्रत्येक डेवलपमेंट का एक हिस्सा कमर्शियल उपयोग के लिए निर्धारित किया गया है। डीडीए का कहना है कि दिल्ली में पार्किंग की बढ़ती मांग को पूरा करने और खास इलाकों में शहरी मोबिलिटी को बेहतर बनाने के लिए प्राधिकरण ने मल्टी-लेवल कार पार्किंग (एमएलसीपी) सुविधाओं के डेवलपमेंट के लिए पांच प्लॉटों के ई-ऑक्शन की घोषणा कर दी है। इनमें डिस्ट्रीब्यूशन में कड़कड़डूमा में 248 ईसीएस, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-वन में 362, दिलशाद गार्डन में 232, द्वारका में 134 और सैनी एनक्लेव में 285 ईसीएस शामिल हैं। दिल्ली में प्रोजेक्ट का कुल क्षेत्रफल 11,048.87 वर्ग मीटर में फैला है। डीडीए ने बताया कि फाइनेंशियल वायबिलिटी सुनिश्चित करने और शहरी इलाकों में जीवंत स्थान बनाने के लिए, प्रत्येक डेवलपमेंट का एक हिस्सा कमर्शियल उपयोग के लिए निर्धारित किया गया है। व्यावसायिक घटक द्वारा एमपीडी-21 के नियमों के अनुसार आम व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति होगी। डीडीए की माने तो भावी बोलीदाताओं के लिए परियोजनाओं के आकर्षण और व्यवहार्यता को बढ़ाने के लिए पार्किंग और व्यावसायिक घटकों के लिए एक अलग प्राइसिंग स्ट्रक्चर को अपनाया गया है। इन सभी परियोजनाओं के अगले तीन साल में पूरे होने की उम्मीद है। जानकारी अनुसार कड़कड़डूमा एमएलसीपी, क्षेत्र में डीडीए के हाई-राइज़ डेवलपमेंट का पूरक होगी, और इसे इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ एक मॉडर्न, हाई-डेंसिटी अर्बन हब में बदलने में मदद करेगी। इसी प्रकार, द्वारका एमएलसीपी द्वारका उपनगर को सिविक और ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए चल रहे डीडीए प्रयासों के अनुरूप होगी। यह पहल डीडीए के बड़े विज़न का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य और अधिक व्यवस्थित, कुशल और वहनीय शहरी माहौल बनाना है। प्राधिकरण शहरी अवसंरचना को लगातार मजबूत करके और राष्ट्रीय राजधानी में नियोजित, वहनीय प्रगति को बढ़ावा देकर निवासियों और आगंतुकों के लिए जीवन को आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि इस वर्ष फरवरी में, डीडीए द्वारा विकसित स्टेट-ऑफ-द-आर्ट मल्टी-लेवल कार पार्किंग (एमएलसीपी) सुविधा का उद्घाटन नेहरू प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर में किया गया था। मल्टी-लेवल कार पार्किंग सुविधा को छह-लेवल स्ट्रक्चर के तौर पर बनाया गया था, जिसमें एक बेसमेंट और पाँच ऊपरी मंज़िलें थीं।

## डीपीसीसी चलाएगी बेहतर दिल्ली अभियान, संवाद-संघर्ष-समाधान के तहत सरकार पर साधा निशाना: यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घोषणा की है कि राजधानी में कांग्रेस चलाएगी बेहतर दिल्ली अभियान। जिसमें प्रदूषण, पानी, जलभराव सहित सड़कों से रिहायशी क्षेत्रों तक के मुद्दों को संवाद-संघर्ष-समाधान के साथ उठाकर दिल्ली में भाजपा की गूंगी बहरी सरकार तक पहुंचाया जाएगा। यादव ने यह घोषणा शुक्रवार को युवा कांग्रेस के कार्यालय अकबर रोड में आयोजित प्रेस वार्ता में की। बाद में यादव ने बताया कि इस अवसर पर एआईसीसी कोषाध्यक्ष अजय माकन, एआईवाईसी अध्यक्ष उदय भानू चिब, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकरा, युवा कांग्रेस प्रभारी खुशबू शर्मा, प्रवक्ता अभय दूबे आदि मौजूद थे। यादव ने कहा कि बेहतर दिल्ली के सपने को पूरा करने के लिए युवा कांग्रेस के जिस बेहतर दिल्ली अभियान की शुरुआत हो रही है उसकी शुरुआत दिल्ली से होना अच्छा विकल्प है। क्योंकि दिल्ली ने कभी बेहतरीन चहुंमुखी विकास को देखा था और विश्व स्तरीय राजधानी बनी थी आज दिल्ली के बदहाल हालात सबके सामने हैं। मुझे बहुत खुशी है कि दिल्ली को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी यूथ कांग्रेस ने उठाई है। क्योंकि जिस काम में युवाओं का जज्बा शामिल हो, उसमें न्याय के लिए संघर्ष को अधिक बल मिलता है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार वादे और घोषणाएं तो बहुत करती है, लेकिन ये नहीं बताती कि लोगों से जुड़ी योजनाओं को पूरा करने के उन वादों को पूरा कैसे करेगी। यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में कूड़े के पहाड़ों को 2022 तक ख़त्म हो करने के लिए कहा था लेकिन, दिल्ली में आज लगभग 4200 टन कूड़े की प्रोसेसिंग की कमी है। अगर 4200 टन कूड़ा प्रोसेस नही होगा तो निश्चित ही उसे खुले में डाला जाएगा। यादव ने कहा कि इसी तरह दिल्ली को आज 1500 एमजीडी पानी चाहिए जबकि सरकार सिर्फ 861 एमजीडी पानी ही उपलब्ध कर पा रही है, जबकि उपलब्ध पानी में लगभग 57 प्रतिशत पानी लीकेज व अन्य कारणों से बर्बाद हो जाता है। सरकार सिर्फ 43 प्रतिशत लोगों तक पहुंचने का काम करता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकाश पुत्रः राज कुमार पताः मकान नं. 132, छोटी मेट्रो होलाम्बी खुर्द, दिल्ली** ने case **FIR No. 364/2019 U/s 392/411/34 IPC, थाना: नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि case **FIR No. 364/2019 U/s 392/411/34 IPC, थाना: नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 02.06.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ज्योति नैन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-07
उत्तर, कोर्ट नं. 06, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5278/ON/2026 (Court Matter)

## एमसीडी ने आधुनिक कचरा प्रबंधन मॉडल्स किए प्रदर्शित

**नई दिल्ली।** दक्षिण एशिया के प्रमुख ट्रेड फेयर आईएफएटी दिल्ली 2026 में एमसीडी ने उन्नत कचरा प्रबंधन के अपने मॉडल्स का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। निगम प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी साझा की। निगम प्रशासन ने बताया कि वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन, सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने और लैंडफिल पर निर्भरता कम करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती से पेश किया। इस दौरान एमसीडी ने वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, निर्माण एवं तोड़फोड़ कचरा प्रोसेसिंग, बायोगैस यूनिट, बागवानी कचरे से पेलेट बनाने वाले प्लांट तथा कॉलोनियों और अस्पतालों में 'जीरो वेस्ट टू लैंडफिल' मॉडल जैसी कई पहलों को प्रदर्शित किया। निगम प्रशासन ने बताया कि इसके अलावा 'वेस्ट टू वंडर पार्क', 'प्रोजेक्ट विकल्प', 'स्वच्छ वाहिनी' और बड़े स्तर पर चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान जैसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स ने भी एमसीडी की नवाचार, जनभागीदारी और व्यवहार परिवर्तन पर आधारित रणनीति को उजागर किया।

लुटियंस दिल्ली को जाम मुक्त बनाने की कवायद शुरू

# ट्रैफिक पुलिस ने मिलाया एनडीएमसी से हाथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ट्रैफिक पुलिस और एनडीएमसी ने लक्षित इंजीनियरिंग समाधानों के साथ लुटियंस दिल्ली को जाम-मुक्त बनाने के लिए हाथ मिलाया है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में लुटियंस दिल्ली में आवागमन और अधिक आसान और सुरक्षित होगा। अधिकारी इसे एक बड़े कदम के तौर पर देख रहे हैं। कई मार्गों पर हॉटस्पॉट चिन्हित किये गये हैं और तत्काल उन पर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं।

एडिशनल सीपी ट्रैफिक (मुख्यालय एवं जोन-1) विजयंता गोयल आर्य ने बताया कि एनडीएमसी के साथ मिलकर, मुख्य सड़कों पर जाम कम करने के लिए एक नई पहल शुरू की है। विस्तृत चर्चाओं के बाद ज्वाइंट सीपी (ट्रैफिक) संजय त्यागी ने प्रस्ताव दिया कि पहचाने गए भीड़भाड़ वाले पॉइंट्स पर स्मार्ट इंजीनियरिंग उपायों से ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने में काफी सुधार किया जा सकता है। इस सोच पर काम करते हुए, ट्रैफिक पुलिस और एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें मुख्य अभियंता और वरिष्ठ अभियंता शामिल थे, ने तत्काल किए जाने वाले कार्यों को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन किया।

### एनडीएमसी द्वारा प्राथमिकता के आधार पर उठाए जाने वाले मुख्य कदम

एनडीएमसी के अधिकारियों ने माना कि गलत दिशा में गाड़ी चलाने वाले हॉटस्पॉट सैन मार्टिन मार्ग और जनपथ जैसे महत्वपूर्ण हिस्सों पर सेंट्रल वर्ज बनाए जाएंगे। इससे ट्रैफिक व्यवस्थित होगा और सभी यात्रियों के लिए सड़क सुरक्षा बढ़ेगी। दूसरा एसपी मार्ग पर मौजूदा बस स्टॉप को बस बे में अपग्रेड किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि बसें मुख्य सड़क को बाधित किए बिना रुकें और ट्रैफिक का आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे। तीसरे बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास ऑटो रिक्शा के लिए ले-बाय लेन विकसित की जाएंगी। इसके अलावा, बाबा खड़क सिंह मार्ग पर 'नो-पार्किंग' नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा, खासकर मंगलवार और सप्ताहांत पर जब पैदल चलने वालों और वाहनों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। ज्वाइंट सीपी त्यागी ने कहा कि हम बाबा खड़क सिंह मार्ग पर आने वाले सभी लोगों से आग्रह करेंगे कि वे केवल उपलब्ध बहु-स्तरीय पार्किंग सुविधाओं का उपयोग करें और सड़कों पर गाड़ी पार्क करने से बचें। पार्किंग के नियमों का सही पालन करने से हमें इस मार्ग को श्रद्धालुओं, खरीदारों और यात्रियों सभी के लिए जाम-मुक्त रखने में मदद मिलेगी। इस काम की शुरुआत तत्काल होगी और इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा, जिससे नई दिल्ली क्षेत्र में रोजाना आने-जाने वाले यात्रियों, निवासियों और आगंतुकों को स्पष्ट राहत मिलेगी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस नवाचार, सहयोग और निरंतर प्रवर्तन के माध्यम से राजधानी की सड़कों को अधिक सुरक्षित, तेज और पैदल चलने वालों के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : गांव लोयान मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश-250611
CIN: L15421UP1991PLC019160
Tel.: 01234-259206 Fax:+91-1234-259200
E-mail: investors@sbecsugar.com, Website: www.sbecsugar.com

**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रह के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो का खुलना**

कम्पनी के शेयरधारकों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, फिजिकल शेयर जो 01 अप्रैल 2019 से पूर्व बेचे अथवा खरीदे गये थे, के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन ('डिमैट') हेतु एक स्पेशल विंडो 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए आगे खोली गई है।

यह सुविधा हस्तांतरण आग्रहों के लिए भी उपलब्ध होगी जो पूर्व में जमा करवाए गए थे परन्तु दस्तावेजीकरण में कमी(यां), प्रक्रियात्मक मुद्दों अथवा किसी अन्य कारण की वजह से निरस्त कर दिये गये थे, लौटा दिये गये थे, अथवा प्रोसेस नहीं किए गए थे।

शेयरधारक आगे ध्यान दें कि इस स्पेशल विंडो के तहत हस्तांरित किए गए शेयर केवल डिमैटीरियलाइज्ड रूप में हस्तांतरिती को अनिवार्य रूप से क्रेडिट किए जाएंगे और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की लॉक-इन अवधि के अधीन होंगे। उक्त लॉक-इन अवधि के दौरान, ऐसी प्रतिभूतियों को हस्तांतरित, गृहणाधिकार-चिन्हित, अथवा गिरवीकृत नहीं किया जाएगा।

शेयरधारकों से आग्रह किया जाता है कि ऐसे मामले शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के पास सभी सम्बन्धित दस्तावेजों सहित 04 फरवरी 2027 को या इससे पूर्व, मै. बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, निकट दादा हरसुखदास मंदिर, नई दिल्ली-110062 में beetalrta@gmail.com पर पुनः दायर करें।

कृते एसबीईसी शुगर लिमिटेड
हस्ता/-
एं.के. गोयल
कम्पनी सचिव

दिनांक : 24.04.2026
स्थान : नई दिल्ली

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में पारा पहुंचा 41 डिग्री सेल्सियस पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली वाले भीषण गर्मी और हीट वेव के प्रकोप को झेलने को मजबूर है। शुक्रवार को अधिकतम पारा बढ़कर 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। जबकि कई क्षेत्रों में खासकर बाहरी दिल्ली में लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर किया। भारतीय मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम पारा बढ़कर 41.9 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया जो सामान्य तापमान से 4.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान बढ़कर 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। लगातार बढ़ते तापमान और हीट वेव ने लोगों की परेशानी को दो गुना कर दिया। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था जो इस मौसम के सामान्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

### एमसीडी ने सफाई कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नरेला जोन में शुक्रवार को स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से 300 सफाई कर्मियों (टिपर ड्राइवर, हेल्पर और सफाई कर्मियों) को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण डेम्स और आईपीएसडब्ल्युएमएसएल के समन्वय से आयोजित किया गया। इस अवसर पर नरेला जोन के उपायुक्त राघवेंद्रा मीणा उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान कचरे के पृथक्करण (सेग्रिगेशन), सुरक्षित निस्तारण, एससीपी की सफाई और व्यवहार परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने सफाई कर्मियों को आधुनिक तरीकों से कचरा प्रबंधन और स्वच्छता बनाए रखने के बारे में जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक

# भीषण गर्मी से निपटने के लिए हर स्तर पर पुख्ता इंतजाम : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भीषण गर्मी से निपटने के लिए हर स्तर पर पुख्ता इंतजाम हो और इसके लिए समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 'हीट वेव एक्शन प्लान 2026' की तैयारियों को लेकर की गई उच्चस्तरीय बैठक के बाद यह जानकारी दी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को हीट वेव से बचाव संबंधी सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में लगातार बढ़ती गर्मी और तीव्र होती हीट वेव की परिस्थितियों को देखते हुए दिल्ली सरकार पूरी तरह सतर्क है और वर्ष 2030 तक हीट वेव से होने वाली मृत्यु को शून्य तक लाना सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है। दिल्ली सचिवालय में




आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक अस्पताल में हीट वेव से जुड़े मामलों के लिए पर्याप्त बिस्तरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और सभी एम्बुलेंस में हीट वेव उपचार की आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। साथ ही, पूरे शहर में व्यापक जन-जागरूकता

- **आवश्यकता हुई तो स्कूलों में ओआरएस पैकेट्स का किया जाएगा वितरण**

अभियान चलाया जाए ताकि लोग बचाव के उपायों के प्रति जागरूक हो सकें। उन्होंने सभी स्कूलों में 'वॉटर बेल' सिस्टम शुरू करने के निर्देश दिए, जिससे बच्चों को नियमित अंतराल पर पानी पीने के लिए प्रेरित किया जा सके और डिहाइड्रेशन से बचाव हो। दिल्ली सरकार द्वारा लागू किया गया हीट एक्शन प्लान 2026 दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के माध्यम से विभिन्न विभागों और 17 से अधिक नॉलेज पार्टनर्स (एनजीओ) के तकनीकी सहयोग और समन्वय से प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। सीएम ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली में अभूतपूर्व तापमान दर्ज किया गया है। वर्ष 2025 में तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, जबकि पिछले 2-3 वर्षों में लगभग 40 दिनों तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में यह समग्र और वैज्ञानिक योजना तैयार की गई है। पूर्व चेतावनी और तैयारी के तहत भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा रंग-कोडित चेतावनी प्रणाली ग्रीन, येलो, ऑरेंज और रेड लागू की गई है। इसके माध्यम से दैनिक आधार पर तापमान की निगरानी की जा रही है और रियल-टाइम अलर्ट सभी विभागों और आम नागरिकों तक पहुंचाए जा रहे हैं।

#### बस स्टैंडों पर हो स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देशित किया कि अस्पतालों, स्कूलों, कंस्ट्रक्शन साइटों, अटल कैंटिनों, पुलिस थानों, पोस्ट ऑफिसों और डीटीसी बस स्टैंडों पर स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सभी प्रमुख स्थानों पर ओआरएस की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में टैंकरों, वॉटर कूलर और वाटर एटीएम की सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित रहें। साथ ही, पशु-पक्षियों के लिए भी छाया और पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## एलजी ने खालसा कॉलेज के वार्षिक समारोह में वितरण किए पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के वार्षिक दिवस और वार्षिक समारोह-2026 में पहुंचे उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर संधू ने कहा कि इस आयोजन का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हुई।

कोई भी संस्थान सिर्फ़ सीखने की जगह से कहीं बढ़कर होता है, यह मूल्यों, अनुशासन और अपने छात्रों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब होता है। उन्होंने कहा कि सेवा, साहस, दृढ़ता और करुणा की शाश्वत विरासत में रचे-बसे ऐसे संस्थान न केवल बुद्धि, बल्कि चरित्र को गढ़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। आज के तेज़ रफ़्तार डिजिटल बदलाव के दौर में, मैं छात्रों को बदलाव का सच्चा वाहक बनने के लिए प्रेरित करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सार्थक प्रभाव डालने की अपार क्षमता रखती है। वहीं नवाचार को हमेशा मज़बूत मूल्यों द्वारा ही निर्देशित होना चाहिए। नेतृत्व, संकाय और सभी पुरस्कार विजेताओं को मेरी ओर से हार्दिक बधाई।

एलजी ने कहा कि मैं आप सभी के निरंतर सफल होने की कामना करता हूँ, ताकि आप पूरे विश्वास और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत, विकसित दिल्ली के विज़न में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्भरता से सक्षमता की ओर विज़न को धरातल पर उतारने हेतु युवाओं को आगे बढ़ाना बेहद आवश्यक है।

### वित्तीय समितियाँ पारदर्शिता और अनुशासन की हैं आधारशिला : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** वित्तीय समितियाँ विधानसभा की जवाबदेही की रीढ़ होती हैं और ये समितियाँ पारदर्शिता और अनुशासन की आधारशिला हैं। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को वर्ष 2026-27 के लिए विधानसभा की तीन प्रमुख वित्तीय समितियों के अध्यक्षों की घोषणा के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके तहत अजय महावर को लोक लेखा समिति का अध्यक्ष, राज कुमार भाटिया को सरकारी उपक्रम समिति का अध्यक्ष तथा गजेंद्र सिंह यादव को प्राक्कलन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संबंधित समितियों के सदस्यों की सूचना इस माह पहले ही जारी की जा चुकी थी। ये नियुक्तियाँ विधानसभा की वित्तीय जांच और निगरानी की परंपरा को आगे बढ़ाती हैं। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इनके माध्यम से जनता के धन के उपयोग और सरकारी कामकाज की लगातार और विस्तार से जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि इन समितियों का सही ढंग से काम करना जरूरी है, ताकि पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बना रहे और शासन व्यवस्था मजबूत हो।

## जीएसटी विभाग में मिली अनियमितताएं, दिल्ली सरकार ने लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भ्रष्टाचार, लापरवाही और प्रशासनिक अनियमितताओं के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू करते हुए ट्रेड ऐंड टैक्सेस (जीएसटी) विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है।

आठ अप्रैल 2026 को आईटीओ स्थित स्टेट जीएसटी कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान सामने आई गंभीर अनियमितताओं और अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग के तीन असिस्टेंट कमिश्नर सहित कुल 162 अधिकारियों-कर्मचारियों को स्थानांतरित कर दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया था कि अनुशासन केवल निचले स्तर के कर्मचारियों के लिए नहीं, बल्कि कमिश्नर और स्पेशल कमिश्नर स्तर तक हर अधिकारी पर समान रूप से लागू होगा।

### अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

मुख्यमंत्री ने बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य करते हुए अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। साथ ही, यह भी कहा था कि जनता का काम बाधित हुआ तो उसकी सीधी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की तय की जाएगी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों पर बड़े स्तर पर तबादले किए गए।

- **बड़े स्तर पर अधिकारियों व कर्मचारियों का किया स्थानांतरण**

इस कार्रवाई के तहत तीन असिस्टेंट कमिश्नर सहित कुल 162 अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थानांतरित किया गया है, जो तीन वर्ष से अधिक समय से एक ही स्थान पर कार्यरत थे।

इनमें ग्रेड-1 के 58 सेक्शन ऑफिसर, ग्रेड-2 के 22 असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर, ग्रेड-3 के 74 सीनियर असिस्टेंट और ग्रेड-4 के 5 जूनियर असिस्टेंट शामिल हैं।

#### जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

रेखा गुप्ता का स्पष्ट कहना है कि प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और जनहित के कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



**खबर संक्षेप**

### जिला उपायुक्तों के साथ सीएम की वीसी संपन्न



**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा द्वारा शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाधान शिविर में प्राप्त जनशिकायतों की प्रगति की समीक्षा करना रहा। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आयुष सिन्हा ने की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त ने जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर सभी पोर्टलों पर लंबित मामलों की स्थिति का विस्तृत आंकलन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा समाधान ऐसा हो जिससे शिकायतकर्ता को वास्तविक संतुष्टि प्राप्त हो।

### 12 लाख रुपए की लूट में चौथा आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** बीते 12 अप्रैल को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर 9 के पास 12 लाख रुपए की लूट के मामले में अपराध शाखा सेक्टर 30 की टीम में चौथे आरोपी रवि कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वह गांव बिजेरा अलीगढ़ उत्तर प्रदेश हाल करनेरा-समयपुर स्थित शिव कॉलोनी का रहने वाला है। एक बुलेट मोटरसाइकिल तथा 11,30,000 रुपए बरामद किए किए हैं। पुलिस प्रवक्ता अनुसार अंकित निवासी चावला कॉलोनी फरीदाबाद ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने 12 अप्रैल को 12 लाख रुपये प्रहलाद के माध्यम से दिल्ली भिजवाने थे। प्रहलाद एक रैपिडो चालक के साथ पैसे लेकर निकला था। प्रहलाद ने फोन कर सूचना दी कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर 9 के पास 3 अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने उससे पैसे लूट लिये हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष का विरोध अक्षम्य अपराध : सुधांशु त्रिवेदी

**कांग्रेस और विपक्ष दलों को बताया महिला विरोधी**




धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम


भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला शक्ति को समुचित स्थान और यथोचित सम्मान दिया है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों की नारी विरोधी सोच के चलते नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम पास नहीं हो पाया। विपक्ष ने तालियां बजाकर, मेजें थपथपाकर, हंसी उड़ाकर महिला शक्ति का अपमान किया। विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि संसद में विपक्ष के नेता जिस तरह से अग्रस कर रहे थे वह किसी दानवी अग्रस से कम नजर नहीं आ रहा था। भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी सरकार की महिला सशक्तिकरण नीतियों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और अवसर देने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस दिन से सत्ता संभाली है उसी दिन से महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता पर जोर दिया है। केंद्र सरकार की कई योजनाएं सीधे तौर पर महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि केंद्र सरकार प्रशासनिक, सामाजिक, राजनीतिक और सैन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। सेना में महिलाओं को स्थाई कमीशन देना, एनडीए में महिलाओं का चयन और पंचायतों, शहरी निकायों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। अब महिलाओं का लोकसभा और विधानसभा में जाने का अवसर था, लेकिन विपक्ष ने रोड़ा अटकाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार महिलाओं को उनका हक देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान सुधांशु त्रिवेदी के साथ प्रदेश प्रवक्ता वैशाली तोमर, प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रमुख रश्मि अग्रवाल, जिला सोशल मीडिया प्रमुख हीना शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष पूनम भटनागर, अलीशा तोमर, जिला सचिव निधि मल्होत्रा, कांता सेन, उपासना सचदेवा, शारदा शर्मा, जिला प्रवक्ता सुशीला कटारिया, प्रदेश के मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, जिला महामंत्री मनीष सैदपुर, जिला मीडिया सह प्रभारी राजन चौहान, पीयूष सैनी, वरूण चौहान और मन की बात जिला संयोजक अजय दुआ आदि उपस्थित रहे।

**मंत्री राजेश नागर ने फरीदाबाद की पांच गौशालाओं को प्रदान किए सहायता राशि के चैक**

# चारा अनुदान के तहत हो रही राज्य के गौवंश की सेवा: राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



हरियाणा सरकार की चारा अनुदान योजना के तहत शुक्रवार को मंत्री राजेश नागर ने फरीदाबाद की पांच गौशालाओं को सहायता राशि के चैक प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य की चारा सहायता योजना के तहत गोवंश की सेवा हो रही है और संवर्धन हो रहा है। इस काम में सहयोग करने वाले गौशाला संचालकों को अक्षय पुण्य की प्राप्ति हो रही है और इस कार्य में सेवा करने वाले सेवादारों को भी सेवा का फल प्राप्त हो रहा है।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि गौ सेवा बहुत महत्वपूर्ण सेवा है। गौ माता के अंग अंग में देवताओं की कृपा का वास होता है। इसलिए हमें अपने जीवन में समय निकालकर गोवंश की सेवा अवश्य ही करनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से भी कहा कि वह गौशाला में जाएं और गोवंश की सेवा करें। नागर ने कहा कि राज्य की अनेक योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंच रहा है। हम इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आभारी हैं। वह विकास की किसी योजना के लिए सेकंड भर भी देरी नहीं लगाते हैं। यही कारण है कि आज फरीदाबाद सहित राज्य की सभी 90 विधानसभाओं में विकास कार्य समान गति से चल रहे हैं।

### सफाई कर्मचारियों ने उल्टी झाड़ू हाथों में लेकर ठेका खत्म करने व कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग की

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शुक्रवार को नगर निगम कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय दो दिवसीय झाड़ू प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत आज हाथों में उल्टी झाड़ू लेकर नीलम बीके रोड पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए नगर निगम कर्मचारी नेहरू ग्राउण्ड स्थित फायर स्टेशन पर 17 दिनों से हड़ताल पर बैठे फायर कर्मचारियों का समर्थन करने पहुंचे और फायर स्टेशन पर जमकर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। नगर निगम कर्मचारियों ने सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय पर एक विशाल आक्रोश सभा भी आयोजित की। यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर के जन्मदिन के अवसर पर नेताओं एवं कर्मचारियों ने उनको फूल देकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

■ सफाई कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय निगम मुख्यालय पर आक्रोश सभा कर सरकार पर सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय करने का लगाया आरोप

**हैदराबाद के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में 7,600 वर्ग मीटर में मौजूद**

## आजाद इंजीनियरिंग ने बेकर ह्यूजेज के लिए किया लीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम


प्रेसीजन इंजीनियरिंग में अग्रणी आजाद इंजीनियरिंग ने हैदराबाद के तुनिकिबोल्लाराम स्थित अपने 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में 7,600 वर्ग मीटर की नेक्स्ट-जनरेशन 'लीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट' का उद्घाटन कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मैन्युफैक्चरिंग के विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप यह यूनिट ग्लोबल एनर्जी टेक्नोलॉजी कंपनी, बेकर ह्यूजेज को सहयोग प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। इस अवसर पर, आजाद इंजीनियरिंग के चेयरमैन एवं सीईओ राकेश चोपदार ने कहा कि इस विशेष लीन मैन्युफैक्चरिंग का उद्घाटन, बेकर ह्यूजेज के साथ हमारी आठ साल की यात्रा में एक अहम पड़ाव है। यह साझेदारी 2018 में गैस और स्टीम टरबाईन के फिनिश स्टेज के लिए जरूरी रोटेटिंग एयरफॉइल की सप्लाई से शुरू हुई थी। सख्त क्वालिफिकेशन प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए अब तक यह यात्रा इंडस्ट्रियल और एनर्जी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक गहरी और रणनीतिक साझेदारी में बदल गई है। हैदराबाद के तुनिकीबोल्लाराम स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में मौजूद 7,600 वर्ग मीटर की यह यूनिट हमारी इन्हीं योजनाओं का एक हिस्सा है। इसमें, लगभग 230 कुशल पेशेवर कार्यरत हैं जो हम बेकर ह्यूजेज के लिए सभी जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा कर सकेंगे। हम एक ऐसा 'हाई-प्रेसिजन इकोसिस्टम' बना रहे हैं, जो बड़ी पैमाने और 'माइक्रोन' में मापी जाने वाली सटीकता के साथ, जटिल पुर्जों की सप्लाई करने में सक्षम है।

इस अवसर पर डेविड मारानी (वाईस प्रेजीडेंट - आईईटी ऑपरेशन्स, बेकर ह्यूजेज) ने कहा, आजाद इंजीनियरिंग की नई यूनिट एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो बेकर ह्यूजेज की ग्लोबल सप्लाई चेन को मजबूत बनाती है, साथ ही लम्बे समय के लिए हमारी विकास योजनाओं को भी समर्थन प्रदान करती है।

**शूटिंग चैंपियनशिप-2026 का शुभारंभ राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने किया**

# प्रथम ओपन गाजियाबाद शूटिंग चैंपियनशिप-2026 का आगाज, देशभर के 1000 से अधिक शूटर शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



जनपद में प्रथम ओपन गाजियाबाद शूटिंग चैंपियनशिप-2026 का शुभारंभ राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने शुक्रवार को किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन देश में खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं और 2036 ओलंपिक मेजबानी की दिशा में नींव साबित होंगे।कार्यक्रम में विधायक अजित पाल त्यागी, द्रोणाचार्य अवॉर्डी जयप्रकाश नोटियाल, सीडीओ अभिनव गोपाल, मेजर ध्यानचंद के पौत्र गौरव ध्यानचंद सहित कई लोग उपस्थित रहे।आयोजन सचिव एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम त्यागी ने बताया कि प्रतियोगिता में पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मनीष नरवाल, एशियन मेडलिस्ट वरुण तोमर और वर्ल्ड कप मेडलिस्ट भक्ति शर्मा सहित कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 24 से 28 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से 1000 से अधिक शूटर पंजीकरण कर चुके हैं।उन्होंने बताया कि इस मंच पर अनुभवी और नए खिलाड़ियों को एक साथ प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा, जिससे उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

## यात्रियों की सुविधा के लिए साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन पर खुला आधार सेवा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद




यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, हाल ही में गाज़ियाबाद स्थित साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन पर एक आधार सेवा केंद्र का संचालन आरंभ किया गया है। साहिबाबाद स्टेशन के गेट नंबर 3 के पास स्थित यह केंद्र सप्ताह के सातों दिन सुबह 9:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक सेवाएँ प्रदान करता है, जिससे यात्रियों के साथ-साथ इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए भी आधार से जुड़ी सेवाओं तक आसानी पहुँच सुनिश्चित हो रही है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा संचालित आधार सेवा केंद्र, आधार नामांकन, विवरण अपडेट करने और आधार कार्ड प्रिंट करने जैसी सेवाएँ प्रदान करते हैं।इस आधार सेवा केंद्र के आरंभ होने के बाद से ही लोग लगातार आवाजाही कर रहे हैं, और यह केंद्र प्रतिदिन लगभग 400 से 500 लोगों को सेवाएँ प्रदान कर रहा है। लोगों की यह संख्या दर्शाती है कि ट्रांजिट हब पर आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं की जरूरत लगातार बढ़ रही है ताकि लोग अपनी रोजाना की यात्रा के बीच ही महत्वपूर्ण कार्यों को आसानी से निपटा सकें। एनसीआरटीसी का उद्देश्य केवल तेज़ और सुरक्षित क्षेत्रीय यात्रा सेवाएँ प्रदान करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि नमो भारत यात्रियों के लिए एक सुविधाजनक और समग्र यात्रा अनुभव सुनिश्चित करना भी है। इसी श्रृंखला में, स्टेशनों पर विभिन्न सुविधाएँ प्रदान करने के लिए एनसीआरटीसी सक्रिय रूप से काम कर रहा है। दुहाई नमो भारत स्टेशन पर बैंकिंग सुविधाएँ प्रदान करने के लिए एचडीएफसी बैंक की एक शाखा और विभिन्न स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन, खाने-पीने के आउटलेट और सामान को सुरक्षित रखने के लिए स्मार्ट लॉकर सुविधाएँ प्रदान करना, इनमें से कुछ प्रमुख उदाहरण हैं। साथ ही, गाज़ियाबाद नमो भारत स्टेशन पर एक आधुनिक 'को-वर्किंग स्पेस' भी संचालित है, जो पेशेवर लोगों और रोज़ाना यात्रा करने वालों के लिए काम करने की एक उपयुक्त जगह उपलब्ध कराता है।

**यात्रियों को तेज धूप से मिली राहत**

## बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने लगाया ग्रीन नेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद




नगर निगम ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए निर्माण विभाग द्वारा हापुर चुंगी रेड लाइट पर ग्रीन नेट भी लगाया है । जिससे वाहन चालकों यात्रियों को धूप से बचाव होगा और राहत मिलेगी, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार हापुड़ चुंगी रेड लाइट पर चारों तरफ ग्रीन नेट लगाए गए हैं जिनका स्ट्रक्चर परमानेंट लगाया गया है ।

मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को नगर आयुक्त द्वारा अन्य स्थानों पर भी यात्रियों और वाहन चालकों को राहत देने के लिए ग्रीन नेट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा धूप से बचाव के लिए लगाए गए ग्रीन नेट से यात्रियों को राहत मिल रही है जिस पर रेड लाइट होते ही वाहन चालक ग्रीन नेट के नीचे छांव में खड़े हो रहे हैं और धूप से बच रहे हैं। गाजियाबाद नगर निगम टीम को धन्यवाद भी मिला। गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग की टीम अन्य स्थानों पर भी इसी प्रकार ग्रीन नेट लगाकर धूप से बचाव और छांव की व्यवस्था करने में जुटा हुआ है, हापुर चुंगी के अलावा मोहन नगर रेड लाइट, ठाकुरद्वारा रेड लाइट, वसुंधरा रेड लाइट पर अस्थाई रूप से ग्रीन नेट लगाने की योजना बना रहे हैं ।

## मोबाइल फोन चोरी के मामले में एक अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने मोबाइल फोन चोरी करने के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी के 14 मोबाइल फोन बरामद किये हैं। पुलिस प्रवक्ता अनुसार जितेन्द्र कुमार निवासी यादव कॉलोनी ने थाना आदर्श नगर में शिकायत दी थी कि 9 अप्रैल को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर के बाहर से 15 मोबाइल फोन चोरी कर लिए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद खलील पुत्र** पेश मोहम्मद उर्फ मोहम्मद निसार, **निवासी:** गढ़ा चौक के पास झुग्गी एलएनजेपी अस्पताल कॉलोनी, दिल्ली, **यहां भी:** झुग्गी शास्त्री पार्क, मेट्रो डिपो पुली जमुना पार, दिल्ली, ने **FIR No. 26/2012, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन नबी करीम, सैंट्रल जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 26/2012, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन नबी करीम, सैंट्रल जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद खलील** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
डॉ0 राज कुमार सिंह
DP/5393/CD/2026 न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–5, कमरा नं0–241,
(Court Matter) केंद्रीय जिला, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फुरकान पुत्र:** मो0 नवी, **निवास:** E-49/E-53, जनता मजदूर कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली ने **FIR No. 397/2024 U/s 27/61/85 NDPS Act., थाना: वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फुरकान** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फुरकान** फरार हे गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 397/2024 U/s 27/61/85 NDPS Act., थाना: वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फुरकान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिपाक्षी राणा
DP/5378/NE/2026 जेएमएफसी-03, कमरा नं. 14
(Court Notice) कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**कार्यक्रम का शुभारंभ बीपीआरएंडडी के महानिदेशक आलोक रंजन ने किया, कहा**

# पुलिस प्रशिक्षण में गुणवत्ता सुधार, नवाचार और व्यवहारिक दृष्टिकोण पर दिया जाए जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद






केंद्रीय गुप्त प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई), गाजियाबाद में पुलिस प्रशिक्षण में विधियाँ एवं दृष्टिकोण विषय पर शुक्रवार को एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीआरएंडडी के महानिदेशक आलोक रंजन ने किया ।

उन्होंने पुलिस प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार, नवाचार को अपनाने तथा व्यवहारिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने पर बल दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में छाया शर्मा ( प्रशिक्षण निदेशक, बीपीआरएंडडी) सुनील गुप्ता, उप निदेशक (प्रशिक्षण) एवं सुलोचना गजराज (उपनिदेशक प्रशिक्षण) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सीडीटीआई के निदेशक डॉ. सचिन गुप्ता (आईपीएस) ने मुख्य अतिथि का स्वागत पौधा भेंट कर किया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रशिक्षण निदेशक छाया शर्मा ने एफडीपी के उद्देश्यों, प्रशिक्षण की नवीन पद्धतियों तथा पुलिस अधिकारियों के क्षमता निर्माण में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में बीपीआरएंडडी, सीडीटीआई, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) तथा विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों से आए प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञ संकाय की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ के रूप में डॉ. रोहिणी कटोच, आईपीएस एसवीपीएनपीए, दीपक कुमार बिष्ट, जेडी आईएसटीएम, एस उमा रुक्मिणी, सलाहकार क्षमता निर्माण आयोग तथा अमृता बहल, शिक्षा विशेषज्ञ द्वारा प्रतिभागियों को वयस्क अधिगम के सिद्धांत और अधिगम डिज़ाइनिंग इफेक्टिव ट्रेनिंग मॉड्यूल्स फीडबैक असेसमेंट एवं प्रशिक्षण का मूल्यांकन तथा ऑनलाइन लर्निंग कंटेंट निर्माण एवं प्रशिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप

### यूपी पुलिस को मिलेंगी 986 नई लेडी सिंघम

**लखनऊ।** आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2025 के तहत चयनित 60,244 आरक्षियों में से पुलिस



कमिश्नरेट लखनऊ की आरटीसी में प्रशिक्षण प्राप्त 986 महिला रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड 26 अप्रैल को आयोजित होगी। परेड का निरीक्षण कर सीएम योगी सलामी लेंगे। प्रशिक्षण के दौरान इन महिला आरक्षियों को आधुनिक पुलिसिंग से लेकर साइबर क्राइम तक का प्रशिक्षण दिया गया है।

### मुंह से कॉपियां लिख स्टेट टॉपर बने फैजान

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा के 100% दिव्यांग छात्र मो. फैजानुल्लाह ने अपनी इच्छाशक्ति



और कठिन परिश्रम के बल पर 10वीं बोर्ड परीक्षा में 93.80%अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने कुल 500 अंकों में 469 अंक हासिल कर न केवल दिव्यांग वर्ग में स्टेट टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया, बल्कि अपने विद्यालय यूपीजी गवर्नमेंट हाई स्कूल में भी प्रथम स्थान पाया।

### जमुई में मरीज की मौत मामले में एक्शन

**पटना।** जमुई जिले में जो कुछ हुआ उसने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर सवाल उठा दिए हैं। यहां



झाझा के एक मरीज को धीरज की 4 दिन पहले अचानक तबीयत खराब हुई थी। इसके बाद उन्हें झाझा में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेजा गया था। लेकिन वहां से उन्हें पटना रेफर किया गया और रास्ते में ही एंबुलेंस की टंकी का डीजल

---

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को करेंगे उद्घाटन**

# गंगा एक्सप्रेसवे की सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे 52 थाने

मेरठ से बलिया तक बने गंगा एक्सप्रेसवे की सुरक्षा के लिए 12 जिलों के 52 थानों को जिम्मेदारी दी गई है। उद्घाटन से पहले तीन दिन यातायात बंद रहेगा। पुलिस गश्त, टोल सुरक्षा, अग्निशमन तैनाती और दुर्घटना रोकथाम के लिए विशेष व्यवस्था लागू की गई है।

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ से बलिया तक बनाए गए गंगा एक्सप्रेसवे की सुरक्षा और निर्बाध आवागमन की जिम्मेदारी इस रूट पर पड़ने वाले 12 जिलों के 52 थानों के जिम्मे रहेगी। डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने एक्सप्रेसवे की सुरक्षा को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 29 अप्रैल को एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने से तीन दिन पहले तक यातायात संचालन पर पूरी तरह रोक रहेगी।

**तैनाती को लेकर गाइडलाइन जारी**



#### एक्सप्रेसवे के निकट स्थित फायर स्टेशन

मुख्य अग्निशमन अधिकारी एक्सप्रेसवे के निकट स्थित फायर स्टेशन, थाने, चौकी पर फायर टेंडर की व्यवस्था करेंगे और एक्सप्रेसवे पर अग्निकांड की घटना की संभावना के दृष्टिगत मार्ग का अध्ययन कर शीघ्र सहायता उपलब्ध कराए जाने के लिए रूट मैपिंग कर लेंगें।

#### टोल प्लाजा पर रोटेशन के मुताबिक पुलिस प्रबंध

एडीजी द्वारा एक्सप्रेसवे के रास्ते पर पड़ने वाले मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और प्रतापगढ़ के पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया गया है कि वह जिले के यूपी 112 के प्रभारी से समन्वय कर संबंधित थानों में संचालित होने वाली पीआरवी के लिए पूर्व से चिन्हित रूट में गंगा एक्सप्रेस-वे को भी शामिल करें। एक्सप्रेसवे पर निर्मित टोल प्लाजा पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोटेशन के मुताबिक पुलिस प्रबंध किया जाए।

#### उद्घाटन से पूर्व आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित

सीओ, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत लगातार भ्रमणशील रहते हुए पेट्रालिंग करेंगे तथा एक्सप्रेसवे को अवरोध मुक्त रखेंगे। उद्घाटन से पूर्व एक्सप्रेसवे पर अस्थाई रूप से आवागमन को पूरी तरह प्रतिबंधित रखेंगें, जिससे किसी प्रकार की कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न होने पाए। नोडल अधिकारी जीरो फैटिलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना के तहत एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर को न्यूनतम किए जाने के संबंध में डीजीपी द्वारा जारी आदेशों के मुताबिक कार्यवाही कराएं। भविष्य में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट महानुभावों का आवागमन इसी एक्सप्रेसवे से होना संभावित है, लिहाजा उनकी सुरक्षा के लिए स्कॉर्ट, पायलट आदि की व्यवस्था की जाए।

---

**नितिन नवीन के एलान से विपक्ष में हलचल**

# यूपी चुनाव 2027: सभी वर्गों के लिए भरोसे का प्रतीक योगी ही होंगे भाजपा का चेहरा

भाजपा ने साफ कर दिया है कि 2027 यूपी चुनाव में योगी आदित्यनाथ ही चेहरा होंगे। इससे नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर विराम लग गया है। सवाल यह है कि यह ऐलान अखिलेश यादव के लिए मौका है या चुनौती? एक ओर पीडीए और अगड़ा-पिछड़ा विमर्श के जरिए सपा इसे अपने पक्ष में मोड़ना चाहेगी, दूसरी ओर योगी की कानून व्यवस्था, हिंदुत्व और विकास की छवि भाजपा की ताकत बनी रहेगी...

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की सियासत से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है कि मिशन 2027 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपना पत्ता खोल दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने स्पष्ट कर दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा। भाजपा के भीतर पिछले कुछ समय से जो सुगबुगाहट चल रही थी, उसे हाईकमान ने एक झटके में खत्म कर दिया है। एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 'उत्तम प्रदेश' और 'विकसित प्रदेश' की राह पकड़ी है। खासकर प्रदेश की कानून-व्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास को भाजपा अपना सबसे बड़ा हथियार मानकर मैदान में उतरेगी।

**खास बातें**

- योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 'उत्तम प्रदेश' और 'विकसित प्रदेश' की राह पकड़ी
- 'एंटी-इनकंबेंसी' को योगी की व्यक्तिगत लोकप्रियता भारी



#### कानून-व्यवस्था और पश्चिमी यूपी की चुनौती

भाजपा की रणनीति में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और वहां की कानून-व्यवस्था सर्वोपरि है। अपराधियों पर नकेल और एक्सप्रेसवे के जाल को विकास के प्रमुख आधार के रूप में पेश किया जाएगा। पार्टी को उम्मीद है कि 10 साल की 'एंटी-इनकंबेंसी' को योगी आदित्यनाथ की व्यक्तिगत लोकप्रियता और उनके द्वारा किए गए कार्यों के जरिए काटा जा सकेगा।

#### योगी के सामने होने से सपा को पिछड़ों व दलितों को लामबंद करने में आसानी होगी: अखिलेश

दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री से पूछा गया कि भाजपा यूपी में सीएम योगी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी,इस पर उन्होंने कहा कि वो काला चश्मा लगाकर वोट मांगेंगे या बिना काला चश्मा लगाए। अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के जरिए जातिगत राजनीति को केंद्र में लाने की कोशिश कर रहे हैं। सपा का आकलन है कि योगी के सामने होने से उन्हें पिछड़ों और दलितों को लामबंद करने में आसानी होगी। वहीं भाजपा को भरोसा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के मुद्दे (आरक्षण और संविधान) अलग थे, लेकिन विधानसभा चुनाव 'योगी बनाम अखिलेश' के ट्रैक रिकॉर्ड पर होगा।

---

**सम्राट चौधरी का बहुमत साबित**

# तेजस्वी यादव को नसीहत- किसी की बपौती नहीं है सत्ता



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सदन में बहुमत साबित कर दिया है। राजद नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले विपक्ष ने वोटिंग की मांग नहीं की, जिसके बाद स्पीकर ने ध्वनि मत से सम्राट चौधरी के विश्वास मत प्रस्ताव को पारित घोषित कर दिया।

इससे पहले सदन में विश्वास मत के प्रस्ताव पर एनडीए और विपक्ष के नेताओं के बीच बहस हुई। तेजस्वी ने प्रस्ताव के विरोध में कहा कि 25 से 30, फिर से नीतीश बोलकर भाजपा ने नीतीश को फिनिश कर दिया है। जवाब देते हुए सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार को कोई हटा नहीं सकता, बल्कि उनकी इच्छाशक्ति से आज वो मुख्यमंत्री बने हैं।

#### नीतीश नहीं होते तो लालू विधायक बन जाते, लेकिन नेता नहीं

सम्राट चौधरी ने उम्र, नाम और डिग्री को लेकर उठ रहे सवालों का भी विधानसभा के जरिए जवाब दिया और कहा कि वो अगर नाबालिग होते तो पुलिस उनको जेल नहीं ले जाती, बल्कि बाल सुधार गृह भेजती। लालू यादव की पाठशाला से निकले होने वाले तेजस्वी यादव के बयान पर सम्राट चौधरी ने कहा कि सत्ता किसी की बपौती नहीं है। उन्होंने कहा कि नीतीश नहीं होते तो लालू विधायक बन जाते, लेकिन नेता नहीं बन पाते।

---

## पेज एक का शेष

### अच्छा, तो 'हम भी'..

2022 से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य हैं। राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी, जिसे मैंने अपने खून-पसीने से सींचा और जिसे मैंने अपनी जवानी के 15 साल दिए, अब अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल सिद्धांतों से पूरी तरह भटक चुकी है। पार्टी अब देश या राष्ट्रीय हित के लिए काम नहीं कर रही है, बल्कि निजी लाभ के लिए काम कर रही है। आप में से कई लोग पिछले कुछ वर्षों से मुझसे यही कहते आ रहे हैं, और मैंने भी व्यक्तिगत रूप से महसूस किया है कि मैं गलत पार्टी में सही व्यक्ति हूं। मैं दोहराता हूं, 'मैं गलत पार्टी में सही व्यक्ति हूं।' इसलिए, आज मैं घोषणा करता हूं कि मैं आम आदमी पार्टी से अलग हो रहा हूं और जनता के पास जा रहा हूं। राघव चड्ढा ने आगे कहा कि हम, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई सांसद, भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करेंगे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विलय करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 10 सांसद हैं, जिनमें से दो तिहाई से अधिक इस मामले में हमारे साथ हैं। उन्होंने हस्ताक्षर किए हैं और आज सुबह हमने हस्ताक्षरित पत्र और दस्तावेज राज्यसभा अध्यक्ष को सौंप दिए हैं... उनमें से तीन आपके सामने उपस्थित हैं। हमारे अलावा, हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल भी उपस्थित हैं।

### पंजाब सरकार के ...

सरकार के कामकाज को रोकने, तोड़ने और बाधित करने की कोशिश की है और पंजाब की जनता के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि मैं मोदी जी और अमित शाह से कहना चाहता हूँ कि आम आदमी पार्टी और पंजाब की जनता के साथ आपने जो गंदा खेल खेला है, और भगवंत मान सरकार को रोकने और उसके काम में बाधा डालने के जो प्रयास किए हैं, इस विश्वासघात और धोखे के लिए पंजाब की जनता आपको कभी माफ नहीं करेगी।

**आज दिल बहुत दुखी और आहत** : संजय सिंह ने कहा कि हर कोई देख रहा है कि क्या हो रहा है और कैसे किया जा रहा है। आज मेरा दिल बहुत दुखी और आहत है क्योंकि पंजाब में एक अच्छी सरकार चल रही है। भगवंत मान वहाँ की जनता के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसे क्षेत्रों में और सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने में अच्छा काम कर रहे हैं, और फिर भी इस सरकार के खिलाफ यह 'ऑपरेशन लोटस' खेला जा रहा है।

**पंजाब की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी** : आप नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि देश ने इन नेताओं का चरित्र देख लिया है। वे जानते हैं कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आप फिर से सत्ता में आएंगी। पंजाब की जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी।

### पहली प्राथमिकता...

भाजपा सरकार बनने के बाद रात 1 बजे भी कोई किशोरी स्कूटी लेकर निकलेगी तो कोई गुंडा उसकी ओर आंख उठाकर नहीं देख पाएगा। भाजपा ने आरजी कर की पीड़िता की माताजी और संदेशखाली की पीड़िता को प्रत्याशी बनाया गया है, जो टीएमसी के गुंडों की शिकार रही हैं। वे विधानसभा में बैठकर ऐसे गुंडों के खिलाफ कठोर प्रशासनिक नियम बनाने का कार्य करेंगी। आने वाले समय में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा और महिला आरक्षण का विरोध करने पर बंगाल की मातृ शक्ति इस चुनाव में मुख्यमंत्री को जवाब देगी।

**सिंडिकेट व्यवस्था समाप्त करेंगे**: केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हम चुनाव में शेष बचे सभी क्षेत्रों के लोगों से भी कहना चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद व्यापारियों से किसी प्रकार का भाईपो टैक्स नहीं लिया जाएगा और सिंडिकेट व्यवस्था को समाप्त कर दिया जाएगा। बंगाल में प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण एक नासूर बन चुका है, जिससे बंगाल की जनता को मुक्त कराया जाएगा। बंगाल में आधुनिक खेती के लिए पिछले 50 वर्षों से कोई संगठित प्रयास नहीं हुआ है। मां गंगा की कृपा से आने वाली उपजाऊ मिट्टी और पानी की उपलब्धता के आधार पर ही यहां के किसान खेती करते हैं, आने वाले समय में किसानों की खुशहाली के लिए परंपरागत फसलों पर बड़े रिसर्च सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

### सीईसी ज्ञानेश कुमार ...

को खारिज कर दिया था। इस बार, महिला आरक्षण संशोधन बिल के लोकसभा में गिरने से उत्साहित विपक्ष को उम्मीद है कि वह इस संवैधानिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सफल रहेगा। विपक्ष द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव में मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसमें मुख्य रूप से बिहार और अन्य राज्यों में चलाए गए वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान पक्षपातपूर्ण व्यवहार का मुद्दा उठाया गया है। विपक्ष का दावा है कि ज्ञानेश कुमार ने चुनावों के दौरान भेदभावपूर्ण आचरण किया है, जो एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए घातक है। गौर हो कि महाभियोग की प्रक्रिया काफी जटिल है और इसके लिए संसद के दोनों सदनों में भारी बहुमत की जरूरत होती है।

### संवैधानिक प्रावधान ...

प्रस्ताव का समर्थन करना आवश्यक है, जिसमें कुल सदस्यों के बहुमत और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई बहुमत का समर्थन हो।

### सभी से मिलजुलकर ...

पहुंचे। हालांकि उनके बीच कम बातचीत हुई, लेकिन मोदी ने उनका नाम पूछा और किनारे पर लौटने के बाद उन्हें गले लगाया। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ने करीब एक घंटे तक साइकिल चलाई, 1,000 रुपए दिए और अपने कैमरे से तस्वीरें खींचीं।

एक और नाविक मोहम्मद इफ्तेखार अहमद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पानीघाट पहुंचे, सुबह की सैर की और फिर बोट राइड के लिए गए। कुल सात बोट बुक की गई थीं. लौटने के बाद, उन्होंने सभी से मिलजुलकर खुशी के साथ रहने को कहा। पीएम मोदी ने एक्स तस्वीरें साझा करते हुए कोलकाता में हुगली नदी पर अपने दिन की शुरुआत करते हुए मां गंगा का भी शुक्रिया अदा किया। पवित्र गंगा नदी के महत्व पर बात करते हुए कहा कि यह बंगाल की आत्मा से होकर बहती है। इसके पवित्र जल में एक संपूर्ण सभ्यता की शाश्वत भावना बहती है।

### कारोबारी हितों ...

आप की विचारधारा से जुड़े नहीं थे और केवल अपने कारोबारी हितों के लिए पार्टी में आए थे। इस संबंध में, अशोक मित्तल का हवाला देते हुए, जिन पर हाल ही में ईडी की छापेमारी हुई थी, वड़िंग ने कहा कि आजकल यह आम बात हो गई है कि लोग जांच से बचने के लिए भाजपा में शामिल हो जाते हैं।

**पार्टी ने कार्यकर्ताओ को नजरअंदाज किया** : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हर कोई जानता है कि कैसे बड़े कारोबारी, जिनका पंजाब से कोई लेना-देना नहीं था, उन्हें आप द्वारा राज्यसभा भेजा गया, जबकि पार्टी के कार्यकर्ताओं और वॉलंटियर्स को नजरअंदाज किया गया। कांग्रेस और आप की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि जहां आप ने पैसे वालों को प्राथमिकता दी, जो आखिरकार उसे छोड़ गए, वहीं कांग्रेस ने हमेशा पार्टी के कार्यकर्ताओं को अवसर दिया है।

**ट्रेड यूनियन के नेता को टिकट दिया** : उन्होंने हिमाचल प्रदेश और हरियाणा से हाल ही में की गई नामांकन का जिक्र किया, जहां हिमाचल में पार्टी ने एक जिला अध्यक्ष को और हरियाणा में एक ट्रेड यूनियन नेता को टिकट देकर जिताया था। उन्होंने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब कांग्रेस के प्रभारी महासचिव भूपेश बघेल का भी जिक्र किया कि कैसे उन्हें परेशान किया गया और डराया गया, यहां तक कि उनके बेटे को जेल भेजा गया, फिर भी वे कांग्रेस की विचारधारा के साथ डटे रहे।

### मुख्यमंत्री ने यमुना...


समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यमुना में जाने वाले पानी को शुद्ध करने के लिए यमुना कैचमेंट एरिया में 1543 एमएलडी क्षमता के 91 एसटीपी संचालित किए जा रहे हैं जिनमें से 593 एमएलडी क्षमता के 41 एसटीपी पिछले 5 साल में तैयार करवाए गए हैं। आवश्यकता अनुसार 11 नए एसटीपी तैयार करवाए जा रहे हैं जिससे जलशोधन क्षमता बढ़ जाएगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन जे गणेशन ने बैठक में बताया कि कुछ औद्योगिक इकाइयों द्वारा खर्च बचाने के लिए औद्योगिक अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र चलाए नहीं जा रहे हैं और दूषित पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि कई स्थानों पर औद्योगिक इकाइयों द्वारा दूषित अपशिष्ट को टैंकरों के माध्यम से गांवों के तालाबों में छोड़ने के मामले भी सामने आए हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक उद्योग अपने यहां उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट जल को संशोधित करके ही नालों में छोडें। नियमों की अवहेलना करने वाले उद्योगों पर कार्यवाही की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना तक जाने वाली सभी 11 प्रमुख ड्रेनेज पर सामान्य अपशिष्ट उपचार केंद्र (सीईटीपी) स्थापित करवाए जाएं ताकि उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल की प्रत्येक बूंद उपचारित होकर ही यमुना नदी में जाए। इसके लिए आवश्यकता अनुसार सीएसआर की राशि भी खर्च की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना कैचमेंट एरिया में 147.5 एमएलडी क्षमता के 8 नए सीईटीपी लगाए जाएंगे। इनमें फरीदाबाद के प्रतापगढ़, मिर्जापुर व बादशाहपुर में, गुरुग्राम के सेक्टर 18, सेक्टर 34 व सेक्टर 37 में तथा पानीपत के सेक्टर 29 व सोनीपत के कुंडली में सीईटीपी लगाया जाएगा। यमुनानगर के परवालू में 19.5 एमएलडी के एक संयंत्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलशोधन संयंत्रों के लिए जमीन अधिग्रहण व अन्य निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरे करवाए जाएं। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में कुछ ड्रेन के माध्यम से 211 एमएलडी अनुपचारित जल हरियाणा आता है जिसे हरियाणा द्वारा उपचारित करके वापस दिल्ली भेजा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री के साथ बैठक करके इस मामले का समाधान करवाया जाएगा कि दिल्ली द्वारा यमुना में केवल उपचारित जल ही डाला जाए। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता,अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल,अनुराग अग्रवाल, विजेंद्र कुमार, हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन जे. गणेशन तथा सदस्य सचिव योगेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### हैशटैग संग साझा ...

में दी जा रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है।

**ट्रंप की राष्ट्रवादी सोच को मिलता खाद-पानी**: दरअसल यह पूरा मामला अमेरिका में इन दिनों जन्मजात नागरिकता पर चल रही उस बहस का हिस्सा है। जो ट्रंप और उनकी राष्ट्रवादी सोच से बखूबी मेल खाती है। अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में भी इस मसले पर विचार-विमर्श जारी है। सैवेज ने पॉडकास्ट में यह भी कहा था कि भारत, चीन जैसे दोनों एशियाई देशों के लोग नौवें महीने में अमेरिका में बच्चा पैदा करने के लिए आते हैं। बच्चा पैदा होते ही वो तुरंत ही हमारे देश का नागरिक बन जाता है और उसके बाद पहले ये लोग खुद और धीरे-धीरे अपने परिवार के बाकी लोगों को भी अमेरिका लाकर हमारे देश का नागरिक बना देते हैं। जिसमें जन्मजात नागरिकता का हमारा कानून इन्हें मदद प्रदान करता है।





# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफ Style



# साई टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना

साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

## हॉलीवुड मसाला



# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन

**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गन: मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर

**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्पायर का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ाव आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

## बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच' भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



### कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

### तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

## खबर संक्षेप



### महापौर ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने गुरुवार को गुलमोहर कॉलोनी स्थित देवलोक पार्क में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कॉलोनी के देवलोक पार्क में पेविंग ब्लाक, शेड एवं चबूतरे का करीब 14 लाख रूपए निर्माण होना है। भूमिपूजन पर महापौर परिषद की सदस्य्य सुषमा बावीसा, करतार सिंह तोमर, संतोष हिरवे, राजकुमार विश्वकर्मा, पीयूष सिसोदिया, अजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### जहरीले कचरे से निकली राख की रिपोर्ट पेश करें

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रामकी व री-सस्टेनेबिलिटी वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी में दबाई गई यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे से निकली 900 मीट्रिक टन राख की टाक्सिसिटी के संबंध में आकलन रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। जस्टिस विवेक कुमार सिंह व जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की डिवीजन बेंच ने भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर को सुरक्षित कर भोपाल गैस मेमोरियल बनाए जाने के संबंध में कार्य-योजना प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 22 जून को होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में आलोक प्रताप सिंह ने यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनष्टीकरण की मांग करते हुए जनहित याचिका दायर की थी। जिनकी मृत्यु के बाद हाई कोर्ट मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रहा है।

### बीमा फर्जी क्लेम गिरोह का पर्दाफाश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बीमा धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है, जहां आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने कार्रवाई करते हुए करीब 8 करोड़ रुपए के फर्जी क्लेम से जुड़े संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह मामला आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस से जुड़ा हुआ है, जांच एजेंसी के मुताबिक, गिरोह ने मृत व्यक्तियों के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बीमा क्लेम हासिल करने की साजिश रची थी। इसके लिए पॉलिसीधारकों, नामिनी और बीमा एजेंटों के बीच तरीके से नेटवर्क तैयार किया गया था।

### खुदाई में टूटी थिंक गैस की पाइप लाइन, बहाल

**भोपाल।** बंगरसिया ब्रिज के पास एक थर्ड पार्टी ठेकेदार द्वारा बिना पूर्व सूचना के किए जा रहे खुदाई कार्य के दौरान थिंक गैस द्वारा स्थापित सिटी गैस पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा। इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रभावित हिस्से को अलग किया और कम समय में गैस आपूर्ति बहाल कर दी, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई और निवासियों को होने वाली असुविधा को न्यूनतम किया गया।थिंक गैस ने भोपाल जिले में घरों के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और परिवहन उपयोगकर्ताओं के लिए कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की आपूर्ति हेतु मजबूत पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया है।

---

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगरीय प्रशासन एवं विकास ने जारी की गाइडलाइन

# नदी किनारे के शहरों का अलग से होगा मूल्यांकन सर्वे के अलावा इस श्रेणी में 200 अंक अलग से तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत होने वाले सर्वे के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास ने नदियों और घाट किनारे शहरों के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसमें नदी किनारे बसे शहरों को भी शामिल किया गया है। इनके घाटों की सफाई के लिए सर्वेक्षण में 200 नंबर अलग से तय किए गए हैं।

इस नई गाइडलाइन में मध्यप्रदेश के 73 शहरों के 106 घाट चिंहित किए गए हैं। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने निकायों को निर्देश जारी कर दिए हैं। यह पहली बार है जब रिवर टाउन असेसमेंट (नदी शहर मूल्यांकन) घटक का अलग से सर्वे होगा। ऐसे में नदी किनारे बने घाटों की सफाई और रखरखाव निर्भर करेगा कि आपके शहर की रैंकिंग कैसी है। गंगा टाउन से रिवर टाउन का विस्तार विषय का एक हिस्सा है।

## प्रदेश के 73 शहर शामिल, इनमें 106 घाट, हर जगह सफाई करना जरूरी

### भोपाल संभाग में नदी किनारे 9 नगरीय निकाय

शहरों की सूची में 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों को भी शामिल किया गया है। वहीं इंदौर, भोपाल और जबलपुर जैसे शहर इसमें प्रमुख हैं। भोपाल संभाग के सीहोर जिले की बुधनी, शाहगंज, सीहोर, आष्टा, राजगढ़ जिले की खिलचीपुर, विदिशा की कुरबई, गंजबसौदा, बैरसिया और रायसेन जिले की बैगमगंज निकाय नदी किनारे बसी हैं। जिसमें करीब 11 घाट हैं। भोपाल संभाग में नदी किनारे 9 नगरीय निकाय हैं और 11 घाट हैं।

### नदी संरक्षण को बढ़ावा

इसका उद्देश्य नदी संरक्षण, सफ़ाई और कचरा प्रबंधन में सुधार करना है। इससे सफ़ाई के प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। इसमें प्रदेश के 10 संभागों के 106 घाटों को चिन्हित किया गया है। स्वच्छता के लिए होने वाले सर्वेक्षण में नदी-तालाबों का संरक्षण महत्वपूर्ण होगा। शहरों का मूल्यांकन कचरा प्रबंधन प्रणाली, सीवेज निपटान और नदी के किनारों की समग्र सफ़ाई पर निर्भर होगा।

## कचरा कम करने के लिए हमें अधिक से अधिक प्रयास करना होंगे: महापौर

महापौर मालती राय ने कहा है कि कचरा उत्सर्जन को कम करने के लिए हमें ज्यादा प्रयास करना होंगे। प्लास्टिक डिस्पोजल्स एवं प्लास्टिक की छोटी बाटल जैसी चीजों को कम करते हुए रीयूजेबल कटलरी का अधिक उपयोग करना होगा, ताकि कचरे का उत्सर्जन कम किया जा सके। यह बात मालती ने आईएसबीटी के समीप स्थित होटल राजहंस में कचरा पृथक्कीकरण पर आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में कही। कचरा अलग-अलग रखेंगे हम, भोपाल बनेगा नंबर-1 के संकल्प के साथ प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न हुई।

### गीला-सूखा व अन्य कचरा अलग-अलग होने पर संसाधन के रूप में आता है वापस



महापौर मालती ने कहा कि जब गीला-सूखा व अन्य कचरा अलग-अलग जाता है तो यह संसाधन के रूप में वापस आता है। महापौर राय ने कहा कि भोपाल के रेस्टोरेंट्स, ढाबे और होटलों में भी यह प्रशिक्षण दिया जाए। इस दौरान निगम की स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर 'स्वच्छता किटी' ग्रुप की सदस्यों ने 6 अलग-अलग प्रकार के डस्टबिन के उपयोग के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान होटल संचालक व अन्य स्टाफ सहित निगम के स्वच्छता कार्य में सहयोगी भी मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने सागर के नरयावली में किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

# महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध, किसानों से गेहूं का एक-एक दाना खरीदेगी मध्य प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश भर में प्रमुख पदों पर महिलाओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, लेकिन कई राजनैतिक दलों को नहीं सुहाता है। माताएं-बहनें सब कुछ भूल सकती हैं, पर अपना अपमान कभी नहीं भूल सकती हैं, बहनों से यही अपील है कि मौका मिलने पर हिसाब जरूर चुकता करना है। हमारा पूर्ण संकल्प है कि आज नहीं तो कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन बहनों को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवा कर रहेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को सागर के नरयावली में विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति माताओं-बहनों का सर्वोपरि रखने की रही है। बहनों को विधानसभाओं और लोकसभा में आरक्षण दिलवाने के लिए हमारी सरकार लड़ाई लड़ रही है। राज्य सरकार लाड़ली बहना योजना के माध्यम से बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात दे रही है। प्रदेश के 17 जिलों में महिला कलेक्टर हैं। प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में महिला अधिकारी एसपी हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार ने किसानों के हित में हितकारी निर्णय लिए हैं।

**खास बात**

- प्रदेश भर में प्रमुख पदों पर महिलाएं, लेकिन कई राजनैतिक दलों को यह नहीं सुहाता: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं

- कड़ान मध्यम सिंचाई परियोजना का पुनरीक्षण होगा, इससे क्षेत्र की लगभग 30 हजार एकड़ भूमि सिंचित होगी। मकरोनिया फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा।
- 24 करोड़ रुपए की लागत से बम्होरी तिराहे से नई 4 लेन सड़क बनाई जाएगी।
- लघु सिंचाई परियोजना, जलाशय सुधार कार्य, 25 करोड़ की लागत से दो नए पुल बनाए जाएंगे।
- औद्योगिक कौशल की जरूरतों के अनुसार जरुआखेड़ा आईटीआई में नए कोर्स शुरू किए जाएंगे।
- नगरपालिका कर्रापुर में विकास कार्यों के लिए आवश्यक राशि की घोषणा की गई।

### किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए सरकार प्रयासरत है। अब कृषक कल्याण वर्ष में किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही हैं। बुंदेलखंड की धरती वीरों और महावीरों की धरती है। प्रदेश के किसानों को 5 रुपए में बिजली का अस्थाई कनेक्शन दिया जा रहा है। किसानों को 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य पर गेहूं खरीदा जा रहा है। किसानों से किए सभी वादों को पूरा करते हुए आगामी वर्षों में 2700 रुपए से अधिक भाव पर गेहूं खरीदा जाएगा।

### 27 करोड़ से निर्मित सांदीपनि विद्यालय, 41 करोड़ 7 लाख की लागत के 36 विकास कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या पूजन तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। नरयावली में 27 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विद्यालय नहीं, हमारी 5 हजार साल पुरानी विरासत का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरयावली में 41 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से 36 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें विभिन्न पंचायतों में बने 12 सीसी रोड शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 17 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत से 62 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया है।

### भू-अर्जन का मुआवजा चार गुना करने पर ढोल-नगाड़े बजाकर मनाया उत्सव, बांटी मिठाइयां

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शासकीय व सार्वजनिक विकास व निर्माण कार्यों के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहण करने के लिए मिलने वाले मुआवजे को चार गुना करने के निर्णय पर भाजपा किसान मोर्चा ने आभार जताया है। मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर ढोल नगाड़ा बजाकर उत्सव मनाया और मिठाइयां बांटकर लोगों का मुह मीठा कराकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। किसान मोर्चा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।



### किसानों की मेहनत का उचित सम्मान : सबनानी

विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान हितैषी सरकार का कृषि भूमि को अधिग्रहण करने पर मुआवजे को चार गुना करने के निर्णय का प्रदेश भर के किसान स्वागत कर रहे हैं। किसानों में इस निर्णय को लेकर हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री का यह निर्णय किसानों की मेहनत का उचित सम्मान है।

### किसानों के हित में लिया निर्णय: जयपाल

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश कि लाखों किसानों के हितों में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के इस फैसले से न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्तिकरण होगा, बल्कि प्रदेश में विकास की रफ्तार भी तेज होगी और हर वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

---

लैलूंगा थाना क्षेत्र का मामला

## बिजली के खंबे से टकराई बाइक एक शख्स की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक बिजली के खंभे से जा टकराई, जिससे यह हादसा हुआ। इस घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज जारी है। यह मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। लीलाराम चौहान ने लैलूंगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि कल सुबह सात बजे उनका नाती कृष्णा चौहान अपने साथी खगेश्वर भगत के साथ घर से बिना बताए मोटर साइकिल लेकर निकला था। दोनों युवक रूडूकेला से पोतरा सड़क पर मोहरलाल भगत के घर के पास पहुंचे थे।

बाइक चला रहे कृष्णा चौहान ने अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद उनकी मोटर साइकिल सीधे बिजली के खंभे से जा टकराई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को लैलूंगा सिविल अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच में डॉक्टरों ने कृष्णा चौहान को मृत घोषित कर दिया। उनके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। खगेश्वर भगत का अस्पताल में इलाज चल रहा है।




### पुलिस कर रही मामले में आवश्यक कार्रवाई

लीलाराम चौहान की रिपोर्ट के अनुसार, कृष्णा और खगेश्वर सुबह घर से निकले थे। वे रूडूकेला से पोतरा सड़क पर जा रहे थे। मोहरलाल भगत के घर के पास कृष्णा ने बाइक पर नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार बाइक सीधे बिजली के खंभे से टकरा गई। दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को तुरंत लैलूंगा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने कृष्णा चौहान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक की मौत के बाद मर्ग पंचनामा तैयार किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। लैलूंगा पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## डीयू में राम : जानत तुम्हहि तुम्हइ होइ जाई पुस्तक का लोकार्पण




**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के महर्षि कणाद भवन सभागार में प्रोफेसर निरंजन कुमार द्वारा संपादित पुस्तक ३रामः जानत तुम्हहि तुम्हइ होइ जाई३ का लोकार्पण एवं परिचर्चा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आलोक कुमार;विशिष्ट अतिथि ऑर्गनाइजर पत्रिका के संपादक श्री प्रफुल्ल केतकर;कार्यक्रम के अध्यक्ष दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.योगेश सिंह; पुस्तक के संपादक एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. निरंजन कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि आलोक कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि राम भारतीय जीवन-दृष्टि के केंद्र में स्थित आदर्श हैं, जो केवल आस्था के विषय नहीं, बल्कि आचरण और व्यवहार के मानक भी हैं।

## अवैध वसूली के आरोपों पर आरक्षक को किया निलंबित

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** जीपीएम जिले में पुलिस विभाग की छवि पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आने के बाद बड़ी कार्यवाही की गई है। थाना गौरेला अंतर्गत चौकी खोड़री में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 91 खगेश्वर मैत्री को अवैध वसूली के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार,बीते दिनों ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी कि संबंधित आरक्षक सड़क पर चलने वाले व्यावसायिक वाहनों से पैसे की मांग करता है। इस मामले का वीडियो भी सामने आया था वीडियो में आरक्षक वाहन चालकों से पैसे लेते हुए दिखाई दे रहा था। मामले में थाना प्रभारी गौरेला द्वारा प्रस्तुत गोपनीय प्रतिवेदन और प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाई गई। जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक मनोज खिलारी ने इसे कर्तव्य के विपरीत आचरण मानते हुए तत्काल प्रभाव से आरक्षक को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में आरक्षक का मुख्यालय रक्षित आरक्षी केंद्र गौरेला-पेंड्रा-मरवाही निर्धारित किया गया है।

**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09263060 | पी यू बेस्ड जेंतियन ब्लू (टू पैक) | 141882 लीटर | 18.05.26 |
| 2. | 12261201 | पी बी सी इंसुलेटेड कॉपर केबल | 39588 मीटर | 18.05.26 |
| 3. | 08261253 | ऑटो बैटरी चार्जर | 104 नग | 18.05.26 |
| 4. | 02260052 | ब्लोअर मोटर 1.1 के डब्लू (1.5 एच पी) 3 फेज | 1013 नग | 25.05.26 |
| 5. | 77269040 RGC | 6 एम एम थिक नायलॉन कोर्ड जी आर एस पी | 1825 सेट | 29.05.26 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं: 06/2026-2027 दिनांक: 24.04.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1373/26

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **महेंद्र उर्फ मिंदर पुत्र** श्री त्रिलोक सिंह, **पता:** ए-596, 12/1/2 यार्डस, रघुबीर नगर, दिल्ली, ने **FIR No 265/2011 U/s 186/324/332/353 IPC थाना: तिलक नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महेंद्र उर्फ मिंदर,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महेंद्र उर्फ मिंदर,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No 265/2011 U/s 186/324/332/353 IPC थाना: तिलक नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **महेंद्र उर्फ मिंदर,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व भारद्वाज
जेएमएफसी-02, कमरा नंबर 113
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5355/WD/2026
(Court Matter)

---

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आंकड़ों के साथ सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

# वर्तमान गति से सरकार का गेहूं खरीदी लक्ष्य पूरा करना असंभव यह सरकार की किसान विरोधी मंशा को करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में व्याप्त गेहूं खरीदी की बदहाली और किसानों के शोषण पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सरकारी आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए कहा कि वर्तमान गति से सरकार का खरीदी लक्ष्य पूरा करना असंभव है, जो सरकार की किसान विरोधी मंशा को उजागर करता है। पटवारी ने सरकारी विज्ञापनों का हवाला देते हुए विश्लेषण प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल से शुरू हुई खरीदी के 14 दिनों में लगभग 2.21 लाख किसानों से मात्र 9.51 लाख मीट्रिक टन (95.17 लाख क्विंटल) गेहूं खरीदा गया है। इस गति से यदि 14 दिनों में 9.51 लाख मीट्रिक टन खरीदी हो रही है,



तो 80 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य के लिए लगभग 118 दिन और 160 लाख मीट्रिक टन के लिए लगभग 236 दिन लगेंगे। जब खरीदी की अंतिम तिथि सिर पर है, तो सरकार बताए कि बाकी का गेहूं क्या अगले साल खरीदा जाएगा? यह स्पष्ट रूप से किसानों को अधर में छोड़ने की साजिश है।

### सत्ता पक्ष के करीबियों के लिए नियम ताक पर रखा: जीतू

पटवारी ने आरोप लगाया कि जहां एक ओर आम किसान स्लॉट बुकिंग न होने के कारण 2700 प्रति क्विंटल का गेहूं 2000-2100 में निजी मंडियों में बेचने को मजबूर है, वहीं सत्ता पक्ष के करीबियों के लिए नियम ताक पर रख दिए गए हैं। पटवारी ने कहा कि सर्वर की खराबी, बारदाने की कमी और सैटेलाइट सत्यापन के नाम पर किसानों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इस अव्यवस्था के कारण किसानों को अब तक लगभग 4500 करोड़ का गेहूं औने-पौने दामों पर बाजार में बेचना पड़ा है। आय दोगुनी करने के पटवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आय दोगुनी करने के वादे को जुमला करार देते हुए कहा कि आज किसान कल्याण के नाम पर केवल शोषण हो रहा है।

### भाजपा मास्टर प्लान नहीं, 'माफिया प्लान' बनाती है:

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आनंद जाट ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में विदिशा उद्वहन सिंचाई परियोजना की नहर की ज़मीन पर भू माफिया के क़ब्ज़े पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। आनंद जाट ने आरोप लगाया कि विदिशा में 'एक शहर, दो कानून' की स्थिति बनी हुई है। भाजपा 'मास्टर प्लान' नहीं, 'माफिया प्लान' बनाती है और सरकारी जमीनों पर क़ब्ज़ा करना ही भाजपा का मास्टर प्लान है। मध्यप्रदेश कांग्रेस ने मांग की है कि विदिशा में जल संसाधन विभाग की जमीनों पर हुए अवैध निर्माणों को तत्काल ढहाया जाए और दोषी अधिकारियों व भू-माफिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाए।




## चिंतन

# आम आदमी पार्टी का सबसे कठिन दौर

आम आदमी पार्टी (आप) का वर्तमान संकट केवल कुछ नेताओं के जाने भर की घटना नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक प्रयोग की परीक्षा है, जिसने कभी व्यवस्था परिवर्तन का दावा किया था। आप का यह दौर इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि सवाल अब व्यक्तियों से आगे बढ़कर नेतृत्व, विचारधारा और संगठनात्मक ढांचे पर उठने लगे हैं। अब जो चल रहा है वह शीर्ष नेतृत्व की विफलता को दर्शाता है। पार्टी गठन के कुछ समय बाद ही उसके संस्थापक सदस्यों का पार्टी छोड़ना शुरू हो गया था। सबसे पहले पूर्व आईपीएस किरण बेदी पार्टी से अलग हुईं, जो पार्टी का बड़ा चेहरा थी। इसके बाद योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास, मयंक गांधी, आशुतोष, अंजलि दमानिया और अब राघव चड्ढा समेत पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों का पार्टी छोड़ना एक बड़े बिखराव का संकेत है। इनके अलावा भी कई नाम तो लोगों की स्मृतियों से भी गायब हो चुके हैं। सात सांसदों का एक साथ पार्टी छोड़ना कोई बड़ी बात नहीं हैं। राघव चड्ढा और स्वाति मालिवाल को छोड़ दें तो बाकी पांच राज्यसभा सांसदों संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी और राजेंदर गुप्ता को किस आधार पर सांसद बनाया गया, इसका जवाब तो खुद पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के पास भी नहीं होगा। अब इनके भाजपा में जाने पर आप दावा कर रही है कि इन लोगों ने पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात किया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब पंजाब के लोगों ने इन्हें चुना ही नहीं तो विश्वासघात कैसे हुआ। इन्हें तो आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुना है। इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि आप में बिखराव का दौर शुरू हो चुका है। केजरीवाल का जो आकर्षण 12 साल पहले था, वह अब नहीं रहा। खासतौर पर केजरीवाल अब उन लोगों से ही मिल गए, जिन्हें वह अपनी राजनीति के शुरुआती दौर में कोसते थे। जिस खास मकसद के लिए आप का गठन हुआ, अब वह कहीं नहीं दिखता। आप अपने नाम के मुताबिक आम सी पार्टी बनकर रह गई है। यदि वास्तव में राज्यसभा के कई सांसद एक साथ पार्टी छोड़ने का निर्णय लेते हैं, तो यह संगठनात्मक असंतोष की गहराई को दर्शाता है। यह भी समझना जरूरी है कि आम आदमी पार्टी की सफलता मुख्यतः दिल्ली और पंजाब तक सीमित रही है। राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की जो महत्वाकांक्षा थी, वह जमीन पर साकार नहीं हो सकी। गुजरात, गोवा, उत्तराखंड जैसे राज्यों में पार्टी ने प्रयास जरूर किए, लेकिन वह स्थायी जनाधार बनाने में विफल रही। इसका कारण केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि स्थानीय नेतृत्व के अभाव और रणनीतिक अस्थिरता भी है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अरविंद केजरीवाल की व्यक्तिगत छवि, जो कभी सादगी और संघर्ष का प्रतीक थी, अब वैसी नहीं रही। सत्ता में आने के बाद जिस तरह के समझौते और राजनीतिक व्यवहार देखने को मिले, उन्होंने उस नैतिक बढ़त को कमजोर किया है, जो पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी थी। अब जरूरी है कि आप का नेतृत्व आत्ममंथन करे, संगठन को विकेंद्रीकृत बनाए और उन मूल सिद्धांतों की ओर लौटे, जिनके आधार पर यह आंदोलन खड़ा हुआ था। अरविंद केजरीवाल को यह समझना होगा कि करिश्मा और केंद्रीकरण के दम पर राजनीति लंबे समय तक नहीं चलती। यदि पार्टी को बचाना है तो उसे अपने मूल सिद्धांतों पारदर्शिता, आंतरिक लोकतंत्र और जवाबदेही की ओर लौटना ही होगा। अन्यथा, यह संकट एक चेतावनी नहीं बल्कि अंत की शुरुआत साबित हो सकता है।

# पेसा आदिवासियों के लिए मृगतृष्णा है



जिरहनामा
कनक तिवारी

**आजादी मिलने के बाद से संविधान रचने में एक कठिनाई आई कि करीब आठ से दस प्रतिशत देश की आदिवासी आबादी के लिए संविधान को जस का तस लागू नहीं किया जा सका। इन इलाकों की बनावट ऐसी है जहां पूरे संविधान की रचना के लिए अलग से सोचना पड़ा। यही कारण है संविधान में पांचवीं और छठी अनुसूची में देश के आदिवासी इलाकों के लिए अलग से प्रावधान किए गए। पूर्वोत्तर की छठी अनुसूची वहां के आदिवासियों को काफी अधिकार देती है लेकिन भारत के शेष भाग के जिन इलाकों में पांचवीं अनुसूची का बोलबाला है।**

जम्हूरियत के सभी देश देख रहे हैं भारत में इन दिनों लोकतंत्र का कचूमर भी निकाला जा रहा है। हर मजबूत संस्था, व्यक्ति या समूह अपने से कमतर अधिकारों वाले व्यक्ति समूहों को दोयम दर्जे का नागरिक समझते हुए उन्हें एक तरह से अर्ध मनुष्य की तरह सलूक कर रहा है। किताबी ज्ञान स्कूली बच्चों के लिए पढ़ने में अच्छा है। गोदी मीडिया के पत्रकारों की तोतारंटत है कि भीनी भीनी सुगंध है कि भारत दुनिया में सबसे बहुसंख्यक लोकतंत्र है। भारत में जो संविधान लागू है। वह अविचल है, अडिग है। उसमें संशोधन भी जरूरत के मुताबिक होता रहता है। इसके बरक्स जमीनी हकीकत यह है कि बाराएनाम लोकतंत्र केवल में ज्यादा है। व्याख्यान में है। सरकारी फाइलों में बचाव के लिए है। कुल मिलाकर जनता की समझ के धुंधले आसमान में कभी कभार दिखाई भी देता है। वरना वह गरीब आदमी के लिए आंख की किरकिरी है।

आजादी मिलने के बाद से संविधान रचने में एक कठिनाई आई कि करीब आठ से दस प्रतिशत देश की आदिवासी आबादी के लिए संविधान को जस का तस लागू नहीं किया जा सका। इन इलाकों की बनावट ऐसी है जहां पूरे संविधान की रचना के लिए अलग से सोचना पड़ा। यही कारण है संविधान में पांचवीं और छठी अनुसूची में देश के आदिवासी इलाकों के लिए अलग से प्रावधान किए गए। पूर्वोत्तर की छठी अनुसूची वहां के आदिवासियों को काफी अधिकार देती है लेकिन भारत के शेष भाग के जिन इलाकों में पांचवीं अनुसूची का बोलबाला है। वहां आज भी आदिवासी अविकसित होकर निवासियों की तरह जीने को आंशिक रूप से मजबूर हैं। संविधान निर्माताओं ने एक बात और नहीं सोची थी कि इन आदिवासी इलाकों में कभी जल, जंगल और जमीन की डकैती हो सकेगी। सरकारें अधिनियम बनाएंगी और हर वनोत्पाद पर सरकारी नियंत्रण हो जाएगा। फिर दलाली की भूमिका वाले अरबपति, खरबपति, कॉरपोरेट घरानों को उनकी मिल्कियत बनाकर सौंप दिया जाएगा। इसका एक कारण यह भी था कि संविधान सभा ने गांधी की सिफारिश के मुताबिक पंचायत राज लागू करने से इंकार कर दिया था। हालांकि राजीव गांधी के प्रधानमंत्री काल में इस पर पुनर्विचार हुआ और शहरी तथा पंचायती संस्थाओं को अहमियत दी गई।

आदिवासियों और जनता को भी भ्रम रहा है। फिर भी आदिवासियों के बार बार आग्रह के कारण संसद में 24 दिसम्बर 1996 को पंचायत राज उपबंध अधिनियम तथा अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार अधिनियम बना। वह पेसा के लोकप्रिय नाम से आदिवासियों से उसी तरह छल कर रहा है जैसा कभी अंगरेजों ने किया होगा। नेताओं को भ्रम है कि पेसा के तहत संसद में आदिवासियों की सुरक्षा के कई प्रबंध किए गए हैं। दरअसल इसे रचने के पहले सांसद दिलीप सिंह भूरिया की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई थी। उस कमेटी ने जानदार और महत्वपूर्ण सिफारिशें कीं। उनसे आदिवासियों का जीवन और उनकी गरिमा सुरक्षित रह सकती थी। दिलीप सिंह भूरिया समिति का सबसे



महत्वपूर्ण तर्क था कि उनके इलाकों में आदिवासियों का कुदरती संसाधनों पर नियंत्रण और कमांड नैसर्गिक अधिकार है। यह एक ऐतिहासिक तथ्य भी रहा है। सभी सिफारिशें संसद ने कबूल नहीं कीं। भूरिया समिति ने कहा था कि पंचायती संस्था का ढांचा भी इसी तरह बनाया जाए कि उनमें आदिवासियों के जीवन और संगठन, सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों और सामुदायिक भावना को शामिल किया जाए। फिर भी केन्द्र सरकार ने इसे कारगर नहीं किया। अनुच्छेद 39 संविधान में कहता रहा कि संपत्ति के अधिकार का संकेन्द्रण नहीं होगा लेकिन उसका मजाक उड़ाया गया। हकीकत यह है कि पेसा के तहत ग्रामसभा कोई शक्तिशाली संस्था नहीं है। उसे बहुत सीमित अधिकार हैं और उनको भी आसानी से समयानुसार विलोपित भी कर लिया जाता है। कलेक्टर और कप्तान साहब तो बड़े अधिकारी हैं। आदिवासी इलाकों में जंगल, आबकारी, राजस्व, खनिज विभाग के छोटे छोटे अधिकारी भी माइ लॉर्ड होते हैं।

यह दिलचस्प रहा है कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेसी सरकार के उपमुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री टी. एस. सिंहदेव बस्तर सहित कई इलाकों में धमक के साथ कहते रहे कि पेसा के तहत जो भी अधिकार हैं। वे आदिवासी इलाकों की ग्राम पंचायतों को सौंपे जाने की सरकार की मुहिम है। टांय टांय फिस्स तो फिर हुआ कि शक्तिशाली पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इशारे पर कहा जाता है कि संबंधित जिले के कलेक्टर और जिलों के पुलिस अधीक्षक पंचायत मंत्री से मिले तक नहीं। फिर क्या खाक क्रांति होती। आदिवासी विधायक और सांसद केवल मिन्नतें करते हैं। हाथ जोड़ते हैं। चिल्लपों मचाते हैं लेकिन पांचवीं अनुसूची में गवर्नरों को इतने अधिकार हैं कि वह केवल उनसे बातचीत करे। सुने और पढ़े और फिर करे केवल अपने मन की। क्या इसे संसदीय अधिकार कहा जा सकता है? सारी ताकत इस बात पर अटकती है कि ग्राम सभा की मंजूरी के बिना कोई औद्योगिक निर्माण नहीं होगा। देश के लोगों को अब तो सुप्रीम कोर्ट पर भी भरोसा पूरा नहीं है। लेकिन कभी तो था। सुप्रीम कोर्ट का ऐसा कोई फैसला नहीं है जो पेसा कानून की इस तरह समीक्षा करे कि जल, जंगल, जमीन में जितनी प्राकृतिक संपदा है। वह सब उन आदिवासी इलाकों की है। जो वहां रहते हैं। उनकी मर्जी के बिना न तो उसे लिया जा सकता है और न ही वहां औद्योगीकरण हो सकता है। फुसलाने के नाम पर सही है कि जहां आदिवासियों की परंपरा के मुताबिक कोई मंदिर या पूजा स्थल है। वहां उनकी बात जरूर सुनी जाए।

इस देश के आदिवासी को तो अब अपना अस्तित्व खत्म होने की कगार पर लगने लगा है। पूरा बस्तर लुट जाने के खतरे में है। भारत में आदिवासियों की सबसे बड़ी आबादी बस्तर और छत्तीसगढ़ में है। क्या यह इलाका अब बिना पेड़ों, खनिज और अन्य फसलों के साथ रहेगा? ऐसा खतरा लगता रहा है। तब आदिवासी कहां रहेंगे। क्या वे बचेंगे। ऐसा खतरा अब दुनिया में सभी लोगों के सामने भी खड़ा हो गया है। जब तक आदिवासियों के प्रतिनिधियों की सलाहकार समिति को अधिकार नहीं मिलेंगे। जिनकी मुमानियत गवर्नर और राज्य सरकार नहीं कर सकें। बल्कि केन्द्र सरकार भी नहीं कर सके। तब ही देश में आदिवासी बचेगा। वरना पेसा कानून तो फकत मर्सिया गा रहा है। उसे जन्मदिन की बधाई या विवाह के मांगलिक कार्य के संगीत की तरह नहीं समझा जा सकता। आदिवासी भी भ्रम में हैं क्योंकि देश के बुद्धिजीवी और पत्रकार भी ठीक से संसूचित नहीं करते हैं। सरकार में तो शातिर नौकशाह हैं। उनकी पीठ पर वरद हस्त रखने वाले कॉरपोरेटियों की ताकत है। लोकतंत्र बेचारा क्या करेगा? बस किताबों की जिल्द में रहेगा। बच्चे उसे पढ़ते रहेंगे। परीक्षा में पास होंगे लेकिन उनके जीवन को समझने में इतिहास ही असफल होता रहेगा।

## सारा संसार



कनिपकम विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुपति से लगभग 75 किलोमीटर दूरी पर स्थित भारत के प्राचीन गणेश मंदिर में से एक है, जो अपनी ऐतिहासिक संरचना और आंतरिक डिजाइन के लिए जाना जाता है। भगवान गणेश जी को समर्पित कनिपकम विनायक मंदिर का निर्माण चोल राजा कुलोथिंगस चोल प्रथम ने 11वीं शताब्दी में लोगों के बीच विवाद को सुलझाने और बुराई को खत्म करने के लिए किया था।

## जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

## योजना बनाकर किए काम में सफलता जरूर मिलती है



संकलित
प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## विश्व मलेरिया दिवस



बाल मुकुन्द ओझा

# मलेरिया के खिलाफ एकजुट प्रयास जरूरी

विश्व मलेरिया दिवस प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है। दुनियाभर में हर साल मलेरिया के लाखों मामले सामने आते हैं। मलेरिया से मरने वालों की संख्या भी काफी ज्यादा होती है। विश्व मलेरिया दिवस हर साल एक थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल 2026 की थीम मलेरिया के खिलाफ एकजुट रखी गई है। यह थीम कार्रवाई करने और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध साधनों और रणनीतियों का उपयोग करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करती है। इस थीम के पीछे का मकसद लोगों को मलेरिया से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए जागरूक करना है। भारत इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयासशील है। भारत ने हाल के वर्षों में मलेरिया उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है और इसके लिए वैश्विक स्तर पर भारत की प्रशंसा की गई है। वैश्विक स्तर पर 2024 में अनुमानित 28.2 करोड़ (282 मिलियन) मलेरिया के मामले और 6,10,000 मौतें दर्ज की गईं, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 90 लाख अधिक मामले हैं। वर्ष 2000 से अब तक, वैश्विक स्तर पर 2.3 अरब मलेरिया के मामलों और 1.4 करोड़ मौतों को रोका गया है, जिसमें अकेले 2024 में 10 लाख जीवन बचाए गए।

अब तक 47 देशों और एक क्षेत्र को मलेरिया मुक्त दर्जा मिल चुका है, जिसमें 2025 में मिस्र और तिमोर-लेस्ते शामिल हैं। हालांकि अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मलेरिया के सकारात्मक मामलों में तीन साल के औसत की तुलना में 11.91 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि 2024 की इसी अवधि की तुलना में 4.2 प्रतिशत की कमी आई थी। भारत सरकार 2030 तक मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य पर अडिग है और 2027 तक शून्य स्वदेशी मामलों तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। मलेरिया तेज बुखार वाली बीमारी है। यह संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर साफ पानी में अंडे देती है। इस रोग को फैलाने वाले परजीवी को प्लाज्मोडियम कहते है। वहीं गर्मी में मौसमी बीमारियों के बढ़ने का भी खतरा होने लगता है। ऐसे में हम सभी को मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों से सतर्कता और जागरूकता रखनी चाहिए। मच्छरों से बचाव के लिए आप अपने घर के आसपास पानी न भरने दें। बारिश के मौसम में किसी भी कंटेनर आदि में पानी जमा न होने दें और समय-समय पर कूलर को साफ करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार हमारे देश में मुख्यतः दो प्रकार का मलेरिया पाया जाता है। प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम एवं प्लाज्मोडियम वाइवैक्स। ये मच्छर जब मलेरिया से ग्रसित व्यक्ति को काटता है, तब उसके खून में मौजूद प्लाज्मोडियम को अपने शरीर में खींच लेता है। लगभग आठ से दस दिन तक ये मच्छर मलेरिया फैलाने में सक्षम हो जाता है। यह परजीवी लार के साथ उसके शरीर में प्रवेश कर जाता है, जिससे स्वस्थ व्यक्ति भी मलेरिया से ग्रसित हो जाता है, इसलिए हमें पूरी सावधानी रखनी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चुनावी भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा

एक खबर के अनुसार पश्चिम बंगाल और तमिलनाडू में चुनाव आयोग ने चुनाव पूर्व छापे मारकर लगभग 1072.13 करोड़ रुपए, जिसमें नगदी, शराब और ड्रग्स शामिल हैं, जब्त किए। प्रत्यक्ष रूप से जब करोड़ों के चुनावी भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हुआ है, तब अप्रत्यक्ष रूप से कितना और भ्रष्टाचार होगा, जिसकी कल्पना करना मुश्किल है। बढ़ती भ्रष्ट चुनावी प्रथा जहां चिंतनीय है, वहीं स्वच्छ व कुशल सुशासन जनता को मिले, इसमें भी संदेह उत्पन्न होना स्वाभाविक है। हद हो गई कि जहां चुनाव में ही अरबों रुपए मय शराब और ड्रग्स के खर्च होते हों, तब राजनीतिक पार्टियों द्वारा देश से भ्रष्टाचार ख़त्म करने और सुशासन लाने की घोषणाएं बेमानी ही लगती हैं।

- सांकेत कुलकर्णी, रायपुर

## करंट अफेयर

# हिंदू कुश हिमालय में चौथे साल बर्फ की मात्रा कम



एक रिपोर्ट के अनुसार गंगा बेसिन 2026 में सामान्य से अधिक बर्फ वाले 12 क्षेत्रों में शामिल रहा जबकि हिंदू कुश हिमालय में बर्फ की मात्रा लगातार चौथे वर्ष सामान्य से कम रही और पिछले वर्ष के रिकॉर्ड-निम्न स्तर से भी नीचे चली गयी। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। 'इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट' (आईसीआईएमओडी) द्वारा जारी हिंदू कुश हिमालय (एचकेएच) संबंधी एक वार्षिक रिपोर्ट है। आईसीआईएमओडी एचकेएच क्षेत्र में मौसमी हिमपात पर नजर रखता है और नवंबर से मार्च तक शीतकालीन महीनों में बर्फ की स्थिति का आकलन करता है। वर्ष 2003 से 2026 के बीच, एचकेएच क्षेत्र में 14 ऐसी सर्दियां रहीं जब सामान्य से कम बर्फ जमी। यह एक आवर्ती पैटर्न के रूप में उभर रहा है, विशेष रूप से हाल के वर्षों में ऐसी प्रवृति में वृद्धि नजर आयी है। एचकेएच संबंधी अद्यतन रिपोर्ट में कहा गया है, ''2026, लगातार चौथा वर्ष है जब बर्फ की मात्रा सामान्य से कम है। बर्फ की मात्रा औसत से 27.8 प्रतिशत कम होकर पिछले वर्ष के 23.6 प्रतिशत के रिकॉर्ड निम्न स्तर से भी कम हो गई।'' इस रिपोर्ट में कहा गया है, ''लगातार हो रही यह गिरावट दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला में मौसमी बर्फ भंडार के कम होने का संकेत देती है।

## ऑफ बीट

# अनिद्रा अपने आप में एक बीमारी, इलाज की जरूरत



अनिद्रा यानी नींद न आने की समस्या संभवत: प्राचीनकाल से ही इनसानों को परेशान करती आ रही है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पिछले 20 वर्षों में इसकी समझ हासिल करने की कोशिशों में काफी प्रगति की है। अनिद्रा को लेकर वैज्ञानिकों की समझ में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह यह है कि ज्यादातर मामलों में इसकी शिकायत शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी अन्य समस्या के कारण उभरती है। अनिद्रा के शिकार अधिकांश लोगों को डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, थॉयरॉयड, पेट से जुड़ी समस्याओं, लंबे समय से बरकरार दर्द, बेचैनी या अवसाद की शिकायत होती है। अनिद्रा जब किसी दूसरी बीमारी या समस्या का नजीता होती है, तो उसे सेकेंडरी इंसोमेनिया कहा जाता है। यही कारण है कि पहले डॉक्टर अक्सर सिर्फ मुख्य बीमारी का इलाज करते थे और सेकेंडरी इंसोमेनिया का अलग से उपचार करने पर ध्यान नहीं देते थे। हालांकि, 2000 के दशक की शुरुआत में शोध और नैदानिक अनुभव, दोनों से पता चला कि यह तरीका सही नहीं है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कुछ मामलों में अनिद्रा की शिकायत किसी मुख्य बीमारी के उभरने से पहले से ही हो सकती है, जबकि कुछ मामलों में यह उसके ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रह सकती है।

## ट्रेंड

### बंगाल की समृद्धि



हर बंगाली के लिए गंगा नदी का विशेष महत्व है। कह सकते हैं कि गंगा बंगाल की आत्मा में बहती है। हुगली नदी पर, हमने पश्चिम बंगाल के विकास और महान बंगाली जनता की समृद्धि के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### स्वच्छ ऊर्जा आत्मनिर्भरता



आज अनाकापल्ली जिले में रीन्यू के शिलान्यास ने स्वच्छ ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 5,400 करोड़ के निवेश से कंपनी स्वच्छ ऊर्जा से संचालित 6.5 गीगावाट का सौर इनगॉट-वेफर संयंत्र स्थापित कर रही है।

- **एन. चंद्रबाबू नायडू**, सीएम, आंध्र प्रदेश

### गुजराती झुकेंगे नहीं



आम आदमी पार्टी द्वारा निडर होकर जनता की आवाज़ उठाना और सत्ता में बैठे लोगों को चुनौती देना... शायद कुछ लोगों को यह बर्दाश्त न हो। लेकिन अब गुजरात की जनता ने ठान लिया है कि वे गुंडागर्दी के आगे नहीं झुकेंगे।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### राष्ट्रीय पंचायती राज



राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। पंचायती राज संस्थाएं हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं। भारत की वास्तविक शक्ति उसके गांवों में निहित है, और इसलिए, गांवों का सशक्त विकास ही राष्ट्र की प्रगति का मार्ग है।

- **मल्लिकार्जुन खरगे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

बंगाल के दमदम में विशाल जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

# भाजपा की सरकार बनने के बाद हर पुरानी फाइल खुलेगी और बेटियों महिलाओं के साथ होगा न्याय व दोषियों को मिलेगी कड़ी से कड़ी सजा

बंगाल में दूसरे चरण के तहत 142 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। बंगाल के 16 जिलों में मतदान से 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा के 152 निर्वाचन क्षेत्रों में 167 महिलाओं सहित 1,478 उम्मीदवारों के चुनावी किस्मत का फैसला होगा

## प्रधानमंत्री ने बहनों की सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया



रैली के दौरान प्रधानमंत्री अभिवादन करते हुए


एजेंसी ▶▶ दमदम

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दमदम में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और राजनीतिक बदलाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। इस दौरान उनके मंच पर आरजीकर प्रकरण में पीड़िता की मां और पनिहाटी से भाजपा उम्मीदवार रत्न देबनाथ भी मौजूद रहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद हर पुरानी फाइल खुलेगी और न्याय होगा। उन्होंने कहा कि वह बंगाल की हर बेटी को भरोसा दिलाने आए हैं कि भाजपा उनके सपनों को टूटने नहीं देगी। उन्होंने बताया कि सभा स्थल पर पहुंचने के दौरान एक बहन ने उन्हें राखी भेंट की, जिसके बाद उन्होंने बहनों की सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

**भाजपा सरकार में हर गुनाह का होगा हिसाब**

प्रधानमंत्री ने कहा हम यहां हर बेटी को भरोसा देने आए, आपका सम्मान होगा



प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच पर प्रमुख नेतागण

### टीएमसी का 'दीया' अब बुझने के कगार पर

प्रधानमंत्री ने टीएमसी और विपक्ष पर पलटवार करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कई वादे भी किए। लंबे समय से बंगाल में परिवर्तन की जो लहर दिख रही थी, उस पर पहले चरण के मतदान ने मुहर लगा दी है। भाजपा के पक्ष में जो समर्थन दिखा है, उसने भाजपा की विजय का शंखनाद कर दिया है। अब दूसरे चरण में आपको इस लोकतंत्र के मंदिर पर विजय ध्वज फहराना है। पीएम ने कहा कि अब टीएमसी बहुत बुरी तरह बौखला गई है। ये मत भूलना कि हर बुझता हुआ दीपक थोड़ा फड़फड़ाता है, वैसे ही टीएमसी का दीया भी बुझने से पहले थोड़ा फड़फड़ा रहा है।

जादवपुर में किया वादा

### आपका तप बेकार नहीं जाएगा, ब्याज समेत लौटाऊंगा

प्रधानमंत्री ने जादवपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि बंगाल का हर व्यक्ति भाजपा की सरकार के लिए समर्थन दे रहा है। पीएम मोदी ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर भी तीखा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि जो लोग धूप में तप कर रहे हैं, मैं उनका तप बेकार नहीं जाने दूंगा। इस क्षेत्र का विकास करके मैं आपके इस तप को ब्याज समेत लौटाऊंगा।

### टीएमसी ने 15 वर्षों में केवल लूट की

पीएम मोदी ने कहा कि 15 सालों में टीएमसी ने केवल लूटने का काम किया है। ऐसा कोई काम नहीं, जहां टीएमसी का करप्शन नहीं। जनता कह रही भर्ती, चिटफंड, कोयला खनन, बालू खनन घोटाला, गरीबों के राशन की लूट, तस्करों को छूट और कट मनी व कमीशन नहीं चलेगा।

पहले चरण की बंपर वोटिंग के बाद बोले

### अब गो-तस्करी नहीं हो पाएगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बंगाल में पहले चरण की बंपर वोटिंग के बाद भाजपा 152 में से 110 से ज्यादा सीटें जीत रही है। इस बार पश्चिम बंगाल में परिवर्तन के लिए वोट डाला गया है। मतदाताओं ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। भाजपा की सरकार बनते ही यहां गोतस्करी नहीं हो पाएगी।



सीएम ममता का भाजपा पर हमला

### मुझे सत्ता नहीं, दिल्ली में भाजपा का विनाश चाहिए



बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने भाजपा पर हमला किया। उन्होंने कहा कि मेरा जन्म बंगाल में हुआ है और मैं बंगाल में ही मरूंगी। भाजपा के लिए काम करने वाले सभी लोगों के नाम सूचीबद्ध हैं। मुझे सत्ता नहीं चाहिए, दिल्ली में भाजपा का विनाश चाहिए।

**'वे झालमुड़ी का वादा कर रहे हैं, मैं भेलपुरी खिलाऊंगी**

ममता ने बौबाजार में कहा कि वे झालमुड़ी का वादा कर रहे हैं, लेकिन मैं आपको भेलपुरी खिलाऊंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि झारग्राम में प्रधानमंत्री के झालमुड़ी खाने का कार्यक्रम पहले से तैयार किया गया था।

केरल में नतीजों से पहले कांग्रेस में घमासान

### सीएम के चेहरे की लड़ाई से यूडीएफ मुश्किल में



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में नतीजों से पहले सियासी माहौल गरम है, लेकिन इस बार मुकाबला कांग्रेस के भीतर भी है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ में मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नेतृत्व को लेकर उठी बहस ने माहौल असहज कर दिया है।

बंगाल में 92% मतदान पर सीजेआई ने जताई खुशी

### वोट कटने वाली याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार



सुप्रीम कोर्ट ने उन याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिनमें बंगाल चुनावों के दौरान चुनाव ड्यूटी पर तैनात कुछ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कथित तौर पर हटाए जाने के मामले में कोर्ट के दखल की मांग की गई थी। सीजेआई ने बंगाल के पहले चरण में 92 प्रतिशत से अधिक मतदान पर खुशी व्यक्त की है।

---

## खबर संक्षेप

### राजस्थान विधानसभा को बम से उड़ा देंगे



**जयपुर।** शुक्रवार को विधानसभा में आत्मघाती हमले की चेतावनी वाला एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। सुरक्षा एजेंसियों ने परिसर में गहन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, हालांकि एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। यह 2सप्ताह से कम समय में दूसरी धमकी बताई गई है।

### भंडारा में कार-ट्रक की भिड़ंत में 5 की मौत



**भंडारा।** शादी समारोह से घर लौटते समय मारुति ओमनी और ट्रक की जोरदार टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 घायल हो गए। यह हादसा गुरुवार रात महाराष्ट्र के भंडारा जिले में हुआ। मृतकों में दूल्हे के चाचा-चाची भी शामिल हैं। हादसा पावनी तहसील के अद्याल गांव के पास हुआ।

### पासपोर्ट विवादः खेड़ा की अग्रिम जमानत खारिज

**गुवाहाटी।** हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के संबंध में दाखिल की गई थी। गिरफ्तारी से बचाव को अग्रिम जमानत की मांग

---

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी जानकारी

# व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति 70 फीसदी तक बहाल और छोटे सिलेंडरों की मांग बढ़ी

1.47 लाख टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी बेची जा चुकी है। इसके साथ ही पांच किलो के सिलेंडरों की बिक्री भी सुचारू 1.47 लाख टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी बेची जा चुकी है। इसके साथ ही पांच किलो के सिलेंडरों की बिक्री भी सुचारू 1.47 लाख टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी बेची जा चुकी है



**गुरुवार तक बेचे गए 5 किलो के 81 हजार सिलेंडर**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है और अप्रैल में अब तक 1.47 लाख टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी बेची जा चुकी है। इसके साथ ही पांच किलो के सिलेंडरों की बिक्री भी सुचारू रूप से जारी है। गुरुवार को ही 81000 से अधिक पांच किलो के सिलिंडर बिके। वहीं, यूरिया की आपूर्ति बहाल करने और संकट निवारण योजना पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (विपणन एवं तेल शोधन) सुजाता ने बताया कि यूरिया उर्वरक संयंत्रों के लिए आपूर्ति 95 प्रतिशत तक बहाल कर दी गई है।

- **अप्रैल में अब तक 1.47 लाख टन एलपीजी बेची**

यूरिया उर्वरक संयंत्रों के लिए आपूर्ति 95% तक बहाल

### सरकार के प्रयास- न हो किसी तरह की परेशानी



एलपीजी की मांग और आपूर्ति पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव शर्मा ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, मांग के अनुसार प्रबंधन के लिए कई स्तरों पर प्रयास किए गए हैं। बुकिंग को कुछ हद तक सुव्यवस्थित किया गया है। परिणामस्वरूप, पेट्रोल और डीजल की घरेलू आपूर्ति बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से चल रही है। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति भी बिना किसी बाधा के हो रही है।

**मांग और आपूर्ति को प्रबंधित किया**

संकट शुरू होने के बाद से ही मंत्रालय और सरकार ने मांग और आपूर्ति को सक्रिय रूप से प्रबंधित किया है। उपायों में घरेलू रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन बढ़ाना, कच्चे तेल और एलपीजी की कार्गो सुरक्षित करना और घरेलू आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए विशेष निर्यात शुल्क लगाना शामिल है। इन कदमों से घरेलू बाजार में कोई कमी नहीं हुई है।

### कोयला और केरोसिन जैसे ईंधनों की आपूर्ति बढ़ाई

वाणिज्यिक क्षेत्र में अभी भी कुछ समस्याएं हैं, लेकिन सरकार ने धीरे-धीरे वहां आपूर्ति बढ़ाकर लगभग 70फीसदी कर दी है। उद्योगों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए कोयला और केरोसिन जैसे अतिरिक्त ईंधनों की आपूर्ति बढ़ाई जा रही है। प्राकृतिक गैस की आपूर्ति घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन (सीएनजी) के लिए 100फीसदी है और ग्रिड पर औद्योगिक उपयोगकर्ताओं के लिए लगभग 80 फीसदी है। सरकार ने हर स्तर पर जनता को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए कदम उठाए हैं।

दिक्कत के बीच तेजी से बढ़े पीएनजी ग्राहक

### 5 लाख जुड़े और लाखों लोग अभी कतार में



सुजाता के अनुसार मार्च 2026 से अब तक कुल 5.10 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शनों को गैसयुक्त किया जा चुका है। इसके अलावा, करीब 5.77 लाख नए ग्राहकों ने कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि बुनियादी ढांचे के विस्तार पर भी युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। अब तक 7.66 लाख नए पीएनजी कनेक्शनों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है, जिनमें से 2.56 लाख नए कनेक्शन जल्द ही गैस से जोड़ दिए जाएंगे। खास बात यह है कि उपभोक्ता अब पुराने विकल्प को छोड़ने के लिए भी तैयार हैं। आंकड़ों के मुताबिक 19 अप्रैल 2026 तक लगभग 39,400 उपभोक्ताओं ने वेबसाइट के माध्यम से अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं।

---

लखनऊ में उत्तर क्षेत्र कृषि सम्मेलन

# हर राज्य जलवायु व जरूरत के हिसाब से बनाएं कृषि योजना

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा- अच्छे बीज, किसान आईडी और केसीसी पर तेज काम जरूरी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्र कृषि सम्मेलन खेती-किसानी के नए विजन, नई कार्ययोजना और किसान-केंद्रित सोच का मजबूत मंच बनकर उभरा है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा कि कृषि विकास का अगला दौर तभी सफल होगा जब वैज्ञानिक शोध खेत तक पहुंचेगा, योजनाएं छोटे किसान तक प्रभावी रूप से उतरेंगी और हर राज्य अपनी भौगोलिक व जलवायु परिस्थितियों के अनुसार स्पष्ट रोडमैप बनाएगा।

चौहान ने कहा कि पहले खरीफ और रबी को लेकर पूरे देश की एक ही बैठक होती थी लेकिन इतने बड़े देश में एक ही मंच पर सभी समस्याओं और संभावनाओं पर गहराई से चर्चा कर पाना संभव नहीं था। यही कारण है कि अब जोनल कॉन्फ्रेंस की दिशा में कदम बढ़ाया गया है ताकि अलग-अलग क्षेत्रों की माटी, जलवायु, फसल प्रणाली और चुनौतियों के अनुसार बेहतर रणनीति तय की जा सके।

### यूपी खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा

उन्होंने उत्तर क्षेत्र को कृषि दृष्टि से अहम बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र में पंजाब और हरियाणा जैसे हरित क्रांति के अग्रणी राज्य हैं, वहीं उत्तर प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों की बागवानी, फल, फूल और सब्जी उत्पादन की अपनी विशेष पहचान है इसलिए यह सम्मेलन अनुभवों के आदान-प्रदान और सामूहिक रणनीति निर्माण का प्रभावी मंच है।

### किसान की आय में वृद्धि बड़ा लक्ष्य

चौहान ने कहा कि देश के सामने तीन बड़े लक्ष्य स्पष्ट हैं - खाद्य सुरक्षा, किसान की आय में वृद्धि और पोषणयुक्त आहार की उपलब्धता। इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उत्पादन बढ़ाना, लागत घटाना, किसान को पसीने की कीमत दिलाना, फसल नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करना और कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने उर्वरकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई और कहा कि यह समझना जरूरी है कि बढ़ती खपत वास्तविक आवश्यकता पर आधारित है या केवल परंपरागत आदत के कारण हो रही है। संतुलित उर्वरक उपयोग, मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा, प्राकृतिक खेती और जैविक विकल्पों की ओर बढ़ना आने वाले समय की अहम आवश्यकता है।

### सस्ती दर पर दे रहे ऋण

उन्होंने किसान आईडी और किसान क्रेडिट कार्ड पर भी जोर देते हुए कहा कि किसान की पहचान, ऋण, योजनाओं और सेवाओं को सरल बनाने में ये दोनों बेहद उपयोगी साधन हैं। उनके मुताबिक किसान आईडी बनने से कई प्रक्रियाएं आसान होंगी जबकि वंचित किसानों तक किसान क्रेडिट कार्ड पहुंचाने से छोटे और सीमांत किसानों को सस्ती दर पर संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने में बड़ी मदद मिलेगी।

### केवीके को सक्रिय कर रहे

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि विज्ञान केंद्रों को सक्रिय करने, उन्हें जवाबदेह बनाने और किसानों के साथ उनका सीधा जुड़ाव बढ़ाने का असर साफ नजर आ रहा है। जब वैज्ञानिक स्थानीय स्तर पर खेतों में प्रदर्शन करते हैं, किसानों के साथ बैठकर नई पद्धतियों पर चर्चा करते हैं और लगातार फॉलोअप करते हैं तब वास्तविक परिवर्तन आता है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहे, वहीं उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी, पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, पंजाब के उद्यान मंत्री महेंद्र भगत, हिमाचल प्रदेश के उद्यान मंत्री जगत सिंह नेगी, जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार, उत्तर प्रदेश के कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह और उत्तर प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख भी सम्मेलन में उपस्थित रहे।

---

अजय माकन ने कहा- युवा कांग्रेस समस्याओं को लेकर लोगों के बीच जाएगी

# 'बेहतर दिल्ली' अभियान, प्रदूषण, पानी की किल्लत, जलभराव से मुक्ति की होगी कोशिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय युवा कांग्रेस ने राजधानी दिल्ली में प्रदूषण, गंदगी, पानी की किल्लत और जलभराव जैसी समस्याओं से जनता को राहत दिलाने भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्ष का ऐलान करते हुए 'बेहतर दिल्ली' अभियान की शुरुआत की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और दिल्ली युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने इस मुहिम का रोडमैप साझा किया। माकन ने कहा कि युवा कांग्रेस ने देश के शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को सुलझाने एक जरूरी पहल की है, जिसकी शुरुआत दिल्ली से हो रही है। युवा कांग्रेस ने तय किया है कि वह जरूरी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं पर चर्चा करेगी और उनके समाधान के लिए जरूरी कदम उठाएगी।

### मनरेगा कमजोर होने से शहर पर दबाव

माकन ने कहा कि देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी शहरों में रहती है, लेकिन उनकी समस्याओं पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मनरेगा के कमजोर होने से गांवों से पलायन बढ़ेगा और शहरों पर दबाव बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश के अन्य शहरों में भी चलाया जाएगा।

### जनता को कूड़े से निजात नहीं मिली

देवेंद्र ने देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली की बदतर हालत को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद कूड़े के पहाड़ खत्म नहीं हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इस समस्या का हल निकालने के बजाए कूड़े को कॉलोनियों में खुली जगह पर डालना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कचरा प्रसंस्करण भी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण आज तक जनता को कूड़े की समस्या से निजात नहीं मिल सकी है। किराड़ी, बवाना और नरेला में कूड़े के नए पहाड़ खड़े किए जा रहे हैं।

### भाजपा टैक्स वसूल रही, सुविधाएं नहीं

उन्होंने कहा कि अब गर्मियां आते ही बिजली कटौती भी शुरू हो चुकी है। उन्होंने पेयजल की समस्या उठाते हुए कहा कि दिल्ली को 1500 एमजीडी पानी की जरूरत है, लेकिन 861 एमजीडी ही उपलब्ध हो रहा है। इस पानी में से भी 57 प्रतिशत लीक हो रहा है। इसी वजह से टैंकर माफिया हर जगह मौजूद हैं। उन्होंने दिल्ली की भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि एक लाख करोड़ रुपये के बजट की घोषणा की गई, लेकिन उसमें से सिर्फ 57 प्रतिशत ही खर्च होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार अलग-अलग टैक्सों के नाम पर वसूली तो करती है, लेकिन लोगों को सुविधाएं नहीं देती।

### दिल्ली विश्व की प्रदूषण राजधानी बनी

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने भी दिल्ली की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि दिल्ली को विश्व की हरित राजधानी कहा जाता था, जहां कांग्रेस सरकार के समय 22 प्रतिशत से ज्यादा ग्रीन कवर बढ़ा था। लेकिन आज मौजूदा भाजपा और पूर्व की केजरीवाल सरकार ने दिल्ली को विश्व की प्रदूषण राजधानी और गैस चैंबर बना दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और दिल्ली में भाजपा सरकारें हैं और मेयर भी भाजपा के हैं, फिर भी प्रदूषण के कारण हजारों मौतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण, पीने के पानी की किल्लत और जलभराव जैसी समस्याओं से जनता परेशान है। इसलिए युवा कांग्रेस स्थानीय लोगों के बीच जाकर उनसे संवाद करेगी, उन्हें राहत दिलाने के लिए सरकार के खिलाफ संघर्ष किया जाएगा और प्रदर्शन भी होंगे।

**खबर संक्षेप**

## रुपया 15 पैसे कमजोर होकर 94.16 पर बंद

**मुंबई।** रुपये में शुक्रवार को लगातार पांचवें सत्र में गिरावट दर्ज की गई और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे टूटकर 94.16 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम लागू होने के बावजूद होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से जहाजों की आवाजाही अनिश्चित बनी रही जिससे वैश्विक बाजारों में ईंधन की कीमतों में अस्थिरता है। साथ ही घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से भी भारतीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.25 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.18 के उच्च और 94.31 के निचले स्तर तक पहुंचा। अंत में 94.16 पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 15 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे टूटकर 94.01 पर बंद हुआ था।

## जयपुर में प्रथम क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी के सहकार से समद्धि के मंत्र के माध्यम से समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के विजन के अनुरूप सहकारिता मंत्रालय देशभर में क्षेत्रिय कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है ताकि सहकारी क्षेत्र में परिवर्तनकारी सुधारों को गति दी जा सके। केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में इन पहलो का उद्देश्य आधुनिक अनाज भंडारण सुविधाओं को किसानों के निकटतम स्तर तक पहुंचाना, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के नेटवर्क को सशक्त एवं विस्तारित करना, सहकारी गतिविधियों में विविधता लाना तथा सहकारी संस्थाओं के सदस्यों एवं लाभार्थियों के कल्याण हेतु सहकारिता में सहकार को बढ़ावा देना है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# अब सोने पर लोन के नियम बदले, बैंक पर होगी कड़ी निगरानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कहा जाता है कि मुश्किल समय में साथ देने वाला या तो अपना होता है या सोना। ऐसे समय में सोना ही वह सबसे भरोसेमंद संपत्ति है जिसे तुरंत नकदी में बदला जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए आरबीआई ने वर्ष 2026 में गोल्ड लोन नियमों में बड़े और क्रांतिकारी बदलाव किए हैं, जो आम लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे। नए नियमों के अनुसार अब छोटे लोन पर ज्यादा लोन वैल्यू मिलेगा। 2.5 लाख रुपए तक के लोन पर 85 प्रतिशत तक, 5 लाख रुपए तक 80 प्रतिशत और उससे ज्यादा राशि पर 75 प्रतिशत तक ही लोन मिलेगा। इससे छोटे कर्ज लेने वालों को फायदा होगा, लेकिन बड़े कर्ज लेने वालों को पहले की तुलना में कम अमाउंट मिल सकती है।

**2.5 लाख रुपये तक के लोन पर 85 प्रतिशत तक लोन वैल्यू**

### गोल्ड लोन का इस्तेमाल सोना खरीदनें में नहीं होगा

सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब गोल्ड लोन का इस्तेमाल सोना खरीदने के लिए नहीं किया जा सकेगा। इसका इस्तेमाल केवल मेडिकल इमरजेंसी या व्यापारिक जरूरतों के लिए ही किया जा सकेगा। आरबीआई का मकसद फाइनेंशियल रिस्क को कम करना और सिस्टम को ज्यादा सुरक्षित बनाना है।



### अब केवल सोने का वजन माना जाएगा

सोने की वैल्यू तय करने में भी पारदर्शिता बढ़ाई गई है। अब केवल सोने का वजन ही माना जाएगा, उसमें लगे पत्थरों की कीमत शामिल नहीं होगी। साथ ही पिछले 30 दिनों की औसत कीमत या मौजूदा कीमत में जो कम होगी, उसी के आधार पर लोन मिलेगा। लोन चुकाने के बाद बैंक को 7 वर्किंग डेज के अंदर सोना वापस करना जरूरी होगा। अगर देरी होती है तो बैंक को रोजाना 5,000 रुपए का जुर्माना देना पड़ेगा।

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने एसबीआई के कार्यक्रम में कहा

# घरेलू खपत से वृद्धि को मिल रही मजबूती जीडीपी के लिए पूर्वानुमानित समर्थन जरूरी

एजेंसी ▶▶| पुणे

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू खपत देश की आर्थिक वृद्धि को गति दे रही है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के विस्तार की रफ्तार बनाए रखने के लिए स्थिर और पूर्वानुमानित नीतिगत समर्थन आवश्यक है।

सीतारमण ने यहां एसबीआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि बैंकरों की एक समिति इस मुद्दे पर विचार कर रही है कि क्या बैंकों द्वारा तीसरे पक्ष के उत्पादों को बेचने के लिए विशेष वितरण गठजोड़ की अनुमति दी जाए या 'खुली संरचना' का दृष्टिकोण अपनाया जाए। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि जैसे-जैसे वे वैश्विक और डिजिटल हो रहे हैं, वे ग्राहकों के साथ प्रत्यक्ष संपर्क पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आईडीबीआई बैंक की विनिवेश प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

### घरेलू बाजार की खपत हमारी वृद्धि बनाए रखने में सक्षम

वित्त मंत्री ने कहा, ''घरेलू बाजार से आने वाली खपत ही हमारी वृद्धि को बनाए रखने में सक्षम है, जो अभी भी दुनिया में सबसे तेज है।'' उन्होंने कहा कि वृद्धि प्रक्रिया जारी रखने के लिए खपत आवश्यक है, लेकिन इसके लिए पूर्वानुमानित नीतियों का होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### अमेरिकी झटके के बावजूद निर्यातकों के काम की सराहना

*सीतारमण ने कहा, ''अगर हमारे घरेलू विनिर्माण, कृषि विकास, पर्यटन, आईटी और संबंधित सेवा क्षेत्र को निरंतर और पूर्वानुमानित समर्थन नहीं दिया जाता, भारत की वृद्धि गाथा को बनाए रखना मुश्किल होगा। निर्यात के महत्व पर चर्चा करते हुए सीतारमण ने पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी शुल्क जैसे झटकों के बावजूद निर्यातकों के काम की सराहना की।*



- बैंकरों की एक समिति इस मुद्दे पर विचार कर रही है
- तीसरे पक्ष के उत्पादों को बेचने विशेष गठजोड़ की अनुमति मिले





### एसबीआई लाइफ के शेयरों में तेज गिरावट

तीसरे पक्ष के उत्पादों की बिक्री के लिए 'खुली संरचना' के सवाल पर उन्होंने बताया कि आईबीए के तहत एक समिति इसकी समीक्षा कर रही है। वित्त मंत्री की इस टिप्पणी के बाद एसबीआई लाइफ के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई, जो प्रीमियम के लिए अपने मूल बैंक पर निर्भर है।

### तकनीकी बदलाव पर मिलकर करे काम

एन्थोपिक के एआई मॉडल 'माइथोस' द्वारा लाए जा रहे तकनीकी बदलावों के बीच वित्त मंत्री ने कहा कि बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में इस संबंध में बैंकों के साथ बैठक हुई। सभी ऋणदाताओं को एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी के नेतृत्व में इस पर मिलकर काम करने को कहा गया है।

### निर्यातकों ने मुश्किल समय में नए बाजार खोजे

वित्त मंत्री ने कहा कि निर्यातकों ने मुश्किल समय में नए बाजार खोजे हैं। पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित क्षेत्रों को नीतिगत समर्थन के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है और अमेरिका-ईरान वार्ता के बीच चीजें बहुत गतिशील हैं। बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता पर इस संकट के प्रभाव से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि चिंता करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि एनपीए कई दशकों के निचले स्तर पर है।

### बैंक ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव रखें

सीतारमण ने इस बात पर भी जोर दिया कि डिजिटल प्रगति के बीच बैंकों को ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग में मानवीय तत्व ही समावेशन की भावना है। उन्होंने बैंकों से आत्ममंथन करने को कहा कि कहीं डिजिटलीकरण की दौड़ में वे ग्राहकों से दूर तो नहीं हो रहे हैं।

# तेल की बढ़ती कीमतों, आईटी शेयर में बिकवाली से सेंसेक्स 1,000 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और आईटी कंपनियों के शेयर में भारी बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और होर्मुज जलडमरूमध्य में लगातार व्यवधान ने कारोबारियों के बीच निराशा को और बढ़ा दिया। बीएसई सेंसेक्स 999.79 अंक या 1.29 प्रतिशत टूटकर 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,260.13 अंक या 1.62 प्रतिशत फिसलकर 76,403.87 अंक तक चला गया था। बीएसई पर कुल 2,905 शेयर में गिरावट आई जबकि 1,326 में बढ़त हुई और 158 अपरिवर्तित रहे। एनएसई निफ्टी 275.10 अंक या 1.14 प्रतिशत लुढ़ककर 23,897.95 अंक पर बंद हुआ। बीते सप्ताह सेंसेक्स 1,829.33 अंक या 2.33 प्रतिशत गिरा और निफ्टी में 455.6 अंक या 1.87 प्रतिशत की कमजोरी हुई। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, '' भारतीय शेयर बाजारों ने लगातार तीसरे सत्र में गिरावट दर्ज रही। जोखिम से बचने की भावना ने निवेशकों के भरोसे को प्रभावित किया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आईटी क्षेत्र में लगातार कमजोरी ने बाजार पर दबाव बनाना जारी रखा।'' सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस का शेयर सबसे अधिक 7.09 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।



# डॉलर के मजबूत होने से सोना, चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रही। डॉलर के मजबूत होने और वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के बीच सोने की कीमत में 200 रुपये और चांदी की कीमत में 3,000 रुपये की भारी गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बृहस्पतिवार को 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 3,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने पर दबाव बना रहा और यह दो सप्ताह के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था। इसमें नकारात्मक रुझान देखने को मिला, क्योंकि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण बाजार का माहौल सतर्क बना हुआ है।

# जियो प्लेटफॉर्म्स का मुनाफा 13 प्रतिशत बढ़कर 7,935 करोड़

**नई दिल्ली (भाषा)।** जियो प्लेटफॉर्म्स का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 7,935 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान (जनवरी-मार्च) तिमाही में 7,022 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 12.5 प्रतिशत बढ़कर 38,259 करोड़ रुपये हो गई जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 33,953 करोड़ रुपये थी। रिलायंस जियो को संचालित करने वाली इस कंपनी की प्रति उपयोगकर्ता औसत आय (एआरपीयू) भी बढ़ी है। 2025-26 की चौथी तिमाही में यह 3.8 प्रतिशत बढ़कर 214 रुपये हो गई जो 2024-25 की समान तिमाही में 206.2 रुपये थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो भारत के डिजिटल परिदृश्य को बदलना जारी रखे हुए है। ''मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम जियो प्लेटफॉर्म्स को सूचीबद्ध करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह इसकी यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर साबित होगा।

**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | डीएलआई डिवीजन के स्टेशनों (अर्थात डीईई, जीजेडबी, एनडीएलएस, एनजेडएम, एमटीसी, एसएनपी) पर स्थापित 21 एस्केलेटरों के नियंत्रण पैनल कक्षों के लिए पोर्टा केबिन के स्थान पर 2 घंटे की अग्नि सुरक्षा रेटिंग वाली स्थायी सिविल संरचना (ईंट और कंक्रीट का काम) का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.3,30,13,956.55/– (रुपये तीन करोड़ तीस लाख तेरह हजार नौ सौ छप्पन और पचपन पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु. 6,60,300.00/– (रुपये छह लाख साठ हजार तीन सौ मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 15.05.2026 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/इ–निविदा सूचना/10/2026–27/W-3 दिनांक: 23.04.2026

1356/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

intec CAPITAL LIMITED
Sapne Aapke, Bharosa Apno Ka

**इंटेक कैपिटल लिमिटेड**

CIN: L74899DL1994PLC057410

पंजी. कार्यालय : 708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019

T.: +91-11-4652200/300; F.: +91-1146522333

Website: www.inteccapital.com, Email ID: complianceofficer@inteccapital.com

**सूचना**

**(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)**

**फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन के लिए स्पेशल विंडो**

सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026, दिनांक 30 जनवरी, 2026 ("सेबी सरकुलर") के अनुसरण में, इंटेक कैपिटल लिमिटेड के प्रतिभूतिधारकों/निवेशकों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि फिजिकल इक्विटी शेयरों के डिमैटीरियलाइजेशन और हस्तांतरण के लिए अन्य स्पेशल विंडो खोली गई है, ऐसे मामलों में जहां हस्तांतरण डीड 01 अप्रैल 2019 से पूर्व निष्पादित की गई थी, और :

(ए) ऐसी प्रतिभूतियों के हस्तांतरण के लिए आग्रह दायर नहीं किए गए थे।

(बी) हस्तांतरण आग्रह दायर किए गए थे परन्तु आग्रह को दस्तावेजों, प्रक्रिया में कमी अथवा अन्यथा की वजह से निरस्त कर दिया, लौटा दिये गये अथवा अटैंड नहीं किए गए।

स्पेशल विंडो एक वर्ष की अवधि के लिए अर्थात 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक खुली रहेगी। इस अवधि के दौरान प्राप्त सभी पात्र आग्रह को केवल डिमैटीरियलाइज्ड मोड में प्रोसेस किया जाएगा और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से 1 (एक) वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन के अधीन होंगे।

उपरोक्त सरकुलर के अनुसार, 01 अप्रैल, 2019 से पूर्व निष्पादित वैध हस्तांतरण डीड्सधारक पात्र शेयरधारक अपने आग्रहों, के साथ-साथ अपेक्षित दस्तावेजों का एक पूर्ण सैट कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट को नीचे दिये गये पते पर जमा करवा सकते हैं :

**नाम : बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्रा. लि.**
**पता : बीटल हाउस, तृतीय तल**
**99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली–110062**
**फोन : 011–42959000–09, 011–29961281–283, 26051061, 26051064**
**वेबसाइट: www.beetalfinancial.com**

वैकल्पिक रूप से, शेयरधारक complianceofficer@inteccapital.com पर हमसे संपर्क कर सकते हैं।

**पंजीकृत कार्यालय :**
**इंटेक कैपिटल लिमिटेड**
**(CIN: L74899DL1994PLC057410)**
**708, मंजूषा बिल्डिंग 57,**
**नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–11001**

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार**
**कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**(निहारिका गुप्ता)**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

नई दिल्ली
24 अप्रैल, 2026

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e–निविदाए आमन्त्रित की जाती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | कोटेशन खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/एनआरसीएच के अधीन एसएसई/वर्क्स/एनआरसीएच अनुभाग में तीन वर्षों तक टैंकरों के माध्यम से एनआरसीएच को पीने योग्य पानी की आपूर्ति | रू 5099723.64 | रू 102000/- | 36 माह | 19.05.2026 |

सुचनाः निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 19.05.2026 15.00 बजे तक ही भरी जाएगी।

सं. -128-W-269-O.E.T-02-26-27-NRCH दिनांक: 23.04.2026

1357/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 150-Elect-CR-415**

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/पीआरएस, उत्तर रेलवे, कंप्यूटर आरक्षण केंद्र, आईआरसीए भवन, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए निर्धारित प्रपत्रों पर खुली निविदाएँ आमंत्रित करता है।

| |
|---|
| **निविदा का प्रकार :** ई–निविदा (एक पैकेट) |
| **निविदा सूचना संख्या :** 150-इलेक्ट-सीआर-415R |
| **कार्य का पूरा नाम :** उत्तर रेलवे के आईआरसीए भवन, दिल्ली क्षेत्र में पीआरएस/यूटीएस स्थान पर पुरानी अर्थिंग सेफ्टी और नई दिल्ली स्थित आईआरसीए भवन में लाइटनिंग अरेस्टर का प्रतिस्थापन। |
| **अनुमानित लागत :** रुपये (Rs) 43,09,946/- |
| **पूर्णता अवधि :** 6 महीने |
| **बोली सुरक्षा (नकद/बीजी) राशि :** रुपये (RS) 86,200/- |
| **रेलवे वेबसाइट पर निविदा दस्तावेज़ की बिक्री/उपलब्धता :** निविदा दस्तावेज़ आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 28.04.2026 से 19.05.2026 तक 15.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। |
| **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय :** 19.05.2026, 15.00 बजे तक है। निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज़ आईआरईपीएस वेबसाइट पर 14.05.2026 से 19.05.2026 तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| **निविदा खोलने की तिथि और समय :** 19.05.2026 - 15.00 बजे निविदा अपलोड करने की समाप्ति के तुरंत बाद, पात्र निविदाकारों की वित्तीय बोलियां अधिसूचित तिथि और समय पर खोली जाएंगी। |

सं.: 150-इलेक्ट-सीआर-415R दिनांक: 23.04.2026 1370/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-14-2026 | 07.05.2026 को 11:00 बजे | करनाल (मुख्य प्रवेश), कीर्ति नगर PRS = कुल 02 साइटें |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**
1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर ई पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 4. आई आर ई पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (Updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या–23AC/393/E-Auction/PKG/2026 दिनांक:- 23.04.2026 1359/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** – रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6206



**बाएँ से दाए-**


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त,अकाल-5
20. प्रयास,कोशिश-5
23. टोंटी,नलका-2
24. कामदेव,पुष्कर-2,3
25. डर,भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा,व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**


2. बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा,नुकसान-2
6. मूर्ख,बेवकूफ-4
7. बिना कारण,बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम,संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह,किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्,अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6205 का हल**





# प्रफुल्ल और वैभव फिर आमने-सामने, जरूरी अंक हासिल करने भिड़ेंगे राजस्थान और हैदराबाद



एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शनिवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश अपने घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने के साथ-साथ दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले का हिसाब बराबर करने की भी होगी।।यह मुकाबला आईपीएल के इस चरण में बेहद अहम माना जा रहा है, जहां दोनों टीमें जरूरी अंक हासिल करने की कोशिश में होंगी। सनराइजर्स ने प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की शानदार गेंदबाजी के बूते दोनों टीमों के बीच 13 अप्रैल को खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 57 रन से जीता था। रॉयल्स ने हालांकि उस हार से उबरते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 40 रन की जीत से अच्छी वापसी की है।

### दोनों टीमों में बढ़त को लेकर टक्कर

रायल्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद इस सत्र में उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए चौथे स्थान पर है, लेकिन उनकी आक्रामक बल्लेबाजी किसी भी टीम के लिए खतरा बनी हुई है। रॉयल्स को दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मुकाबले में हर विभाग (पावरप्ले, मध्य ओवर और आखिरी ओवर) में संघर्ष करना पड़ा था, और टीम इस बार माकूल जवाब देने के इरादे से उतरेगी।



## लगातार जीत से गरजती पंजाब किंग्स दिल्ली कैपिटल्स के लिए कड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को होने वाले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। इसके लिए उसके ज्यादातर खिलाड़ियों को एक साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली फिलहाल अंकतालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। उनका एकमात्र अंक तब गया था जब कोलकाता में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।




## विराट और पडिक्कल ने खेली अर्धशतकीय पारी

# कोहली और देवदत्त का धमाल, आरसीबी ने गुजरात टाइटन्स को 5 विकेट से हराया

भाषा ▶▶| बेंगलुरु

देवदत्त पडिक्कल ने 55 रन और विराट कोहली ने 81 रन की बेहतरीन पारियां खेलीं जो साई सुदर्शन के शतक पर भारी पड़ गईं जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हरा दिया। पडीक्कल और कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी से आरसीबी लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गई। टीम ने अंत में 18.5 ओवर में 206 रन का लक्ष्य पूरा कर लिया और 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। जैकब बेथेल के जल्दी आउट होने के बाद कोहली और पडीक्कल ने आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटन्स के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। उनका अंदाज पहली पारी में उनके प्रतिद्वंद्वियों द्वारा संभलकर रन बनाने के तरीके से बिल्कुल अलग था। कोहली ने जब खाता भी नहीं खोला था तब मोहम्मद सिराज की गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने उनका कैच छोड़ दिया था। कोहली ने पिच के उछाल को बखूबी भांपते हुए प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा का आसानी से सामना किया। कोहली ने चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दबदबा बनाया और 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर पडीक्कल भी उतने ही शानदार लय में थे। उन्होंने कर्नाटक के अपने साथी खिलाड़ी प्रसिद्ध की गेंदों पर दो छक्के जड़े और राशिद की गेंद पर भी एक छक्का लगाया। उन्होंने अपने सीनियर खिलाड़ी (कोहली) से 10 गेंदें कम खेलकर अपना अर्धशतक पूरा किया। देवदत्त को राशिद खान ने एक बेहतरीन गेंद पर आउट किया तो कोहली को जेसन होल्डर की एक उछाल भरी गेंद ने बोल्ड किया। इससे टीम थोड़ी मुश्किल में पड़ गई क्योंकि उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के विकेट भी गंवा दिए जिससे उनका स्कोर 173 रन पर पांच विकेट हो गया। लेकिन कृणाल पांड्या (नाबाद 23 रन, 12 गेंद) और टिम डेविड (नाबाद 10 रन) ने वहां से टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस तरह आरसीबी ने अपने घरेलू मैदान पर खेले गए पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। इससे पहले सुदर्शन ने 100 रन की शानदार पारी खेली जिसकी बदौलत गुजरात टाइटन्स ने तीन विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। गुजरात टाइटन्स की पारी के 12.4 ओवर टी20 बल्लेबाजी के बिल्कुल उलट थे जिसमें पूर्व चैंपियन टीम ने यह साबित कर दिया कि इस प्रारूप में बिना आक्रामकता के भी रन बनाए जा सकते हैं। सुदर्शन ने आईपीएल में अपने तीसरे शतक के लिए 58 गेंद की पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए। उनकी पारी टीम के लिए मजबूत नींव साबित हुई। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने सलामी जोड़ीदार और कप्तान शुभमन गिल (32 रन, 24 गेंद) के साथ 128 रन की साझेदारी में शुरू से ही पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा सुदर्शन ने पावरप्ले के दौरान 29 जबकि गिल ने सिर्फ सात गेंदें खेली थीं।




मैन ऑफ द मैच

### गुजरात-205/3

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सुदर्शन का एवं बो हेजलवुड | 100 |
| गिल का पडिक्कल बो सूयश | 32 |
| बटलर का हेजलवुड बो भुवनेश्वर | 25 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 19 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 23 |

अतिरिक्त : 06

कुल : 20 ओवर में तीन विकेट पर 205 रन

विकेट पतन : 1-128, 2-160, 3-177

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-31-1, हेजलवुड 4-0-40-1, रसिख सलाम 3-0-28-0, कृणाल पांड्या 4-0-50-0, शेफर्ड 1-0-17-0, सूयश शर्मा 4-0-36-1

### बेंगलुरु-206/5

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| बेथेल का शाहरूख बो सिराज | 14 |
| विराट कोहली बो होल्डर | 81 |
| देवदत्त पडीक्कल का राशिद खान | 55 |
| रजत पाटीदार का सुंदर बो सुथार | 08 |
| जितेश का सुथार बो राशिद खान | 10 |
| टिम डेविड नाबाद | 10 |
| कृणाल पांड्या नाबाद | 23 |

अतिरिक्त : 05

कुल : 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 206 रन

विकेट पतन : 1-26, 2-141, 3-154, 4-171, 5-173

गेंदबाजी : सिराज 3-0-25-1, रबाडा 4-0-45-0, जेसन होल्डर 3.5-0-35-1, प्रसिद्ध कृष्णा 2-0-31-0, राशिद खान 4-0-49-2, मानव सुथार 2-0-19-1

## प्रतियोगिता बिश्केक में 27 अप्रैल से 3 मई तक

# अंडर-18 आइस हॉकी टीम एशिया कप में लेगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** गुरतेज सिंह भट्टी की कप्तानी में भारतीय अंडर-18 आइस हॉकी टीम किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में 27 अप्रैल से 3 मई तक होने वाले अंडर-18 एशिया कप में हिस्सा लेगी। इसकी घोषणा शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ की ओर से की गई। इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा मेजबान किर्गिस्तान, मंगोलिया, उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और मकाऊ (चीन) की टीमें भी प्रतिस्पर्धा करेंगी। भारतीय टीम में देवांश शर्मा और इफ्तिखार हुसैन को उप-कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारतीय महिला टीम ने 2025 में यूएई के अल ऐन में आयोजित आईआईएचएफ महिला एशिया कप में कांस्य पदक जीतकर इस खेल में देश का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया था। वहीं पुरुष टीम ने 2017 में आईआईएचएफ चैलेंज कप ऑफ एशिया डिवीजन एक में रजत पदक जीता था और हाल ही में 2025 एशियाई शीतकालीन खेलों में चीन के हार्बिन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

### पीएसए 'गोल्ड-लेवल' टूर्नामेंटः पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अभय

**नई दिल्ली।** भारत के अभय सिंह ने ज्यूरिख में खेले जा रहे 'ग्रासहॉपर कप' स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र के विश्व नंबर 13 अली अबू एलेइनिन को हराकर पहली बार पीएसए 'गोल्ड लेवल' की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज अभय दूसरे दौर के पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त एलेइनिन को 12-10, 11-9 से मात दी। इस महीने की शुरुआत में भी अभय ने मिस्र में आयोजित एल गूना ओपन में भी एलेइनिन को हराया था। अभय के सामने अब क्वार्टरफाइनल में मिस्र के विश्व नंबर चार करीम गवाड की चुनौती होगी। उन्होंने शुरुआती दौर में स्विट्जरलैंड के डेविड बेर्नेट को 11-9, 9-11, 11-8 से हराया था।

## सूजी बेट्स ने किया संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर सूजी बेट्स 2026 टी20 वर्ल्ड कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो जाएंगी। सूजी बेट्स ने हाल ही में इंजरी से वापसी की है और वह इंग्लैंड की मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने को तैयार है। अभी न्यूजीलैंड महिला टीम का ऐलान इस टूर्नामेंट के लिए नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड अभी टी20 वर्ल्ड कप की डिफेंडिंग चैंपियन टीम है। बेट्स ने संन्यास का फैसला लेते हुए कहा, जब मैं बीते 20 सालों को देखती हूं तो मुझे विश्वास ही नहीं होता कि समय कितना जल्दी बीत गया। मुझे बहुत गर्व है कि मैंने इतनी बार न्यूजीलैंड की जर्सी पहनी है और इस टीम के लिए एक बेहतर इंसान, साथी खिलाड़ी, क्रिकेटर और एथलीट बनने के लिए हर दिन प्रयास करने में मुझे अपार उद्देश्य और आनंद मिला है। मेरा एक अंतिम लक्ष्य है, ब्रिटेन जाना, एक ऐसी जगह जहां मेरी कई खास यादें बसी हैं और एक और विश्व कप जीतना।

# सचिन ने सैकड़ों फैंस के बीच काटा केक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अपना 53वां जन्मदिन मनाया। सचिन को उनके जन्मदिन पर न सिर्फ क्रिकेट बल्कि समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोग भी बधाई दी। फैंस के दिल में राज करने वाले सचिन ने अपने जन्मदिन का केक फैंस के बीच काटा। सचिन ने अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर के साथ सैकड़ों फैंस के सामने केक काटा और फैंस की बधाइयों के लिए उनका शुक्रिया किया। इस अवसर पर उनके फैन के रूप में पहचान बनाने वाले सुधीर भी मौजूद थे। वह झंडा लहरा रहे थे और केक कटने के समय शंख बजा रहे थे। सचिन तेंदुलकर को उनके जन्मदिन पर उनके साथी खिलाड़ियों ने बधाई दी है। युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन मुबारक पाजी। आपके साथ मैदान साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात थी, लेकिन आपसे सीखना उससे भी बड़ी बात थी। आपका अनुशासन, विनम्रता और प्यार हम सभी के लिए एक मिसाल है। उन यादों और उस प्रेरणा के लिए धन्यवाद, जो आप आज भी हमारे लिए बने हुए हैं। ढेर सारा प्यार।





## सीडीआई हेगन में अनुष ने जीता रजत



**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने जर्मनी के हागेन में आयोजित प्रतिष्ठित सीडीआई हागेन ड्रेसाज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। उन्होंने अपनी अनुभवी घोड़ी फ्लोरियाना के साथ 70.94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अग्रवाला और फ्लोरियाना ने एक बेहद संतुलित, सधी हुई और प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने तकनीकी सटीकता, तालमेल और कलात्मक प्रस्तुति से अंतरराष्ट्रीय जजों को प्रभावित किया। अनुष अग्रवाला ने अपनी उपलब्धि पर कहा, सीडीआई हागेन का यह परिणाम फ्लोरियाना के साथ मेरी बेहतरीन साझेदारी का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि हमने अपने अभ्यास के अनुसार प्रदर्शन किया।

## थॉमस कप : लक्ष्य को कड़े मुकाबले में करना पड़ा हार का सामना

# भारत ने कनाडा पर की शानदार जीत हासिल

एजेंसी ▶▶| होर्सेंस

लक्ष्य सेन को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा लेकिन आयुष शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की, जिससे 2022 के चैंपियन भारत ने थॉमस कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में कनाडा पर 4-1 से शानदार जीत हासिल की।

लक्ष्य सेन को शानदार प्रयास के बावजूद दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई से 18-21, 21-19, 21-10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जोनाथन बिंग त्सान लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया।



### आयुष ने यांग को हराकर दिलाई बढ़त

एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता 20 वर्षीय आयुष ने फिर दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी ब्रायन यांग को 39 मिनट में 21-13, 21-17 से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरी युगल जोड़ी हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन ने टाइ अलेक्जेंडर लिंडेमैन और नाइल याकुरा पर 21-7, 21-15 की शानदार जीत के साथ भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

### लक्ष्य और लाई के बीच थकाने वाला मुकाबला

लक्ष्य और लाई के बीच थकाने वाला मुकाबला रहा, जिसने ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनल की याद दिलाई। लक्ष्य शुरुआत में नियंत्रण में दिखे, ने सटीक नेट प्ले और स्मैश से शुरुआती दौर में दबदबा बनाए रखा। हालांकि लाई को अंत में लय मिलनी शुरू हो गई। उन्होंने 14-18 के स्कोर से पिछड़ने के बाद अंतर कम किया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम जीतने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। लक्ष्य ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर लगातार दबाव बनाया।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

वरि० मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS साइट (www.ireps.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 258965TSDSSB |
| कार्य का विवरण | वंदे भारत रेकों के लिए Selected SS-1 रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग का तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | रु.8,68,37,838.88/– (जीएसटी सहित) |
| बयाना राशि | रु.17,36,800.00/– |
| कार्य अवधि | 36 माह |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 14.05.2026, 14:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in दिनांक 22.04.2026, 15:11 बजे से प्रभावी है। |

सं0 25.8.965.TSD.SSB
दिनांक : 23.04.2026 1365/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)

निविदा संख्याः 558-Sig-16-M-TENDER-1473 दिनाँकः 24.04.2026

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली मंडल में ऑटोमैटिक फायर अलार्म सिस्टम का संवर्धन। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 2,48,06,187.09/- |
| धरोहर राशि (₹) | Rs. 4,96,100.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 24.04.2026/ निविदा खुलने का दिनांक 18.05.2026 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

1375/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| एनआईटी | CPM-DLI-NIT-09-2026-27/GSU |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | उत्तरी रेलवे के दिल्ली डिवीजन के जिंद और मानसा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म की सतह में सुधार के साथ–साथ दिव्यांग सुविधाओं, पीएफ शेल्टर और सर्कुलेटिंग एरिया के सौंदर्यीकरण का शेष कार्य। **समान कार्य की प्रकृति :** ट्रैक निर्माण कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | रुपये 96106010.88 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा 1) (नोटः– रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नही किया जाएगा। रुपये 1922100.00 |
| | 07 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 18.05.2026 को 15.00 बजे तक तथा 18.05.2026 को 15.00 बजे निविदा खुलना है |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. CPM-DLI-NIT-09-2026-27/GSU
Date : 24.04.2026 1381/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ–2026

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा उत्तर प्रदेश होम गार्ड परीक्षा–2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित तिथियों पर परीक्षा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेंगी:–

04422/04421 गाज़ियाबाद – मुरादाबाद – गाज़ियाबाद अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04422 आगमन | गाड़ी सं. 04422 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04421 आगमन | गाड़ी सं. 04421 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 04:00 | गाज़ियाबाद | 22:40 | --- |
| 07:00 | --- | मुरादाबाद | --- | 18:00 |

चलने के दिन : 04422 गाज़ियाबाद से तथा 04421 मुरादाबाद से दिनांक 25.04.26, 26.04.26 एवं 27.04.26 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : पिलखुआ, हापुड़, सिम्भौली, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला एवं अमरोहा स्टेशन।

04349/04350 बरेली – बिजनौर – बरेली अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04349 आगमन | गाड़ी सं. 04349 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04350 आगमन | गाड़ी सं. 04350 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 03:35 | बरेली | 23:35 | --- |
| 08:00 | --- | बिजनौर | --- | 18:00 |

चलने के दिन : 04349 बरेली से तथा 04350 बिजनौर से दिनांक 25.04.26, 26.04.26 एवं 27.04.26 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : मिलक, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, मंडी धनौरा, चाँदपुर सियाऊ एवं हल्दौर स्टेशन।

04487/04488 दिल्ली जं. – शामली – दिल्ली जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04487 आगमन | गाड़ी सं. 04487 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04488 आगमन | गाड़ी सं. 04488 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 09:15 | दिल्ली जं. | 16:00 | --- |
| 11:40 | --- | शामली | --- | 13:40 |

चलने के दिन : 04487 दिल्ली जं. से तथा 04488 शामली से दिनांक 25.04.26, 26.04.26 एवं 27.04.26 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : दिल्ली शाहदरा, नोली, खेकड़ा, बागपत रोड, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी एवं कांधला स्टेशन।

04489/04490 तिलक ब्रिज – सहारनपुर – तिलक ब्रिज अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04489 आगमन | गाड़ी सं. 04489 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04490 आगमन | गाड़ी सं. 04490 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 09:45 | तिलक ब्रिज | 18:00 | --- |
| 13:40 | --- | सहारनपुर | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 04489 तिलक ब्रिज से तथा 04490 सहारनपुर से दिनांक 25.04.26, 26.04.26 एवं 27.04.26 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : आनंद विहार (ट), साहिबाबाद, गाज़ियाबाद, नया गाज़ियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाण्डा, खतौली, मंसूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ्फ़रनगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

04491/04492 मेरठ सिटी – सहारनपुर – मेरठ सिटी अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04491 आगमन | गाड़ी सं. 04491 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04492 आगमन | गाड़ी सं. 04492 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:25 | मेरठ सिटी | 15:00 | --- |
| 12:35 | --- | सहारनपुर | --- | 12:50 |

चलने के दिन : 04491 मेरठ सिटी से तथा 04492 सहारनपुर से दिनांक 25.04.26, 26.04.26 एवं 27.04.26 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाण्डा, खतौली, मंसूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ्फ़रनगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1382/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
Dr. Juneja's EYE Mantra®
Ayurvedic Eye Relief Drops
• Eye Strain • Eye Dryness • Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness

# शांति वार्ता के दूसरे दौर की संभावना बढ़ी

# ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने पाक विदेश मंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख आसिम मुनीर से फोन पर की बात, डेलीगेशन संग इस्लामाबाद पहुंच रहे

ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचने वाला है जिसके बाद अमेरिका के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर की संभावना जताई जा रही है। वार्ता को लेकर अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी सकारात्मक संकेत दिए हैं। इस बीच पाकिस्तान की राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है

## अमेरिका की लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा टीम पहले से ही इस्लामाबाद में मौजूद

## अमेरिका का भी सकारात्मक संकेत इस्लामाबाद में सुरक्षा कड़ी कर दी गई

एजेंसी ▶▶ तेहरान/वॉशिंगटन

ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचने वाला है जिसके बाद अमेरिका के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर की संभावना जताई जा रही है। वार्ता को लेकर अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी सकारात्मक संकेत दिए हैं। इस बीच पाकिस्तान की राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पाकिस्तानी सूत्रों ने बताया है कि ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल के इस्लामाबाद पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर की उम्मीद जताई जा रही है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची एक छोटे वार्ता दल के साथ इस्लामाबाद पहुंच रहे हैं। सूत्रों ने यह भी बताया कि अमेरिका की एक लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा टीम पहले से ही राजधानी इस्लामाबाद में मौजूद है। इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाक के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के साथ विस्तृत चर्चा की।


पहली वार्ता में इस्लामाबाद पहुंचा था ईरानी प्रतिनिधिमंडल फाइल फोटो

### जापान का बड़ा कदम

## 1 मई से 20 दिन तक अतिरिक्त तेल करेगा जारी



जापान सरकार ने घोषणा की है कि वह 1 मई से लगभग 20 दिनों तक अपने अतिरिक्त तेल भंडार को जारी करेगी। जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, दूसरी बार छोड़ने से 5.8 मिलियन किलोलीटर तेल निकलेगा, जिसकी कीमत 540 बिलियन येन (यूएसडी 3.4 बिलियन) है। 23 अप्रैल को जापान की पीएम नाए ताकाइची ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल-सऊद से फोन पर बात की और ईरान के हमलों से हुए जान-माल के नुकसान पर सऊदी अरब के साथ हमदर्दी जताई।

## इजराइली हमले में 33 की मौत

इजराइली बलों ने लेबनान में बीते 24 घंटों में कम से कम 33 लोगों को मार गिराया, जिनमें एक 15 वर्षीय लड़का भी शामिल है। इजराइली चिकित्सकों के मुताबिक, लेबनान से दागे गए रॉकेट हमले में उत्तरी इजराइल में एक व्यक्ति की मौत हुई और दो अन्य घायल हुए। इजराइल ने कहा कि उसने लेबनान में उस मिसाइल लॉन्चर को निशाना बनाकर हमला किया है, जिसने गुरुवार को इजराइल की ओर मिसाइल दागी थी।

### ईरान युद्ध में अमेरिका को बड़ा झटका

## हर दिन युद्ध में फूंके 94 अरब रुपए

ईरान से जारी युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। दो स्वतंत्र समूहों का कहना है कि इस युद्ध पर अब तक करीब



28 अरब डॉलर से लेकर 35 अरब डॉलर के बीच खर्च हो चुके हैं। अमेरिका ने इस युद्ध पर हर दिन करीब 1 अरब डॉलर से कुछ कम खर्च किया है। यानी की अमेरिका ने युद्ध में हर दिन 94 अरब रुपए फूंक दिए। शुरुआती दो दिनों में ही सेना ने 5.6 अरब डॉलर के गोला-बारूद का इस्तेमाल कर दिया था।

**11 लाख डॉलर की मिसाइल का किया इस्तेमाल**

*अमेरिकी सेना ने अपनी लगभग 1,100 'जॉइंट एयर-टू-सरफेस स्टैंडऑफ मिसाइल-एक्सटेंडेड रेंज' दाग दी हैं, जो कि अमेरिका के पास मौजूद कुल 1,500 मिसाइलों के जखीरे के बराबर हैं। इसकी एक मिसाइल की कीमत करीब 11 लाख डॉलर है।*

### ईरान का फिर ट्रंप पर तंज

## कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना

ट्रंप ने एक पोस्ट साझा किया था जिसमें भारत और चीन जैसे देशों को नरक जैसे देश कहा गया था। इस बयान के बाद भारत के मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर महाराष्ट्र की संस्कृति और पर्यटन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया और कहा कि ट्रंप को यहां की यात्रा सांस्कृतिक डिटॉक्स की तरह करनी चाहिए। पोस्ट में लिखा गया कि शायद किसी को ट्रंप के लिए एक वन-वे कल्चरल डिटॉक्स बुक कर देना चाहिए, जिससे उनका बिना मतलब का बयानबाजी कम हो सके। साथ ही लिखा गया कि कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना।

### ट्रंप ने फिर दिखाए तेवर, कहा

## ईरान के साथ समझौता तभी, जब वह अमेरिका के लिए उचित हो



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ कोई भी समझौता तभी होगा, जब वह अमेरिका के लिए 'उचित और लाभकारी' होगा। उन्होंने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि अमेरिका के पास समय की कोई कमी नहीं है। लेकिन ईरान के पास कम समय है और समय तेजी से खत्म हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि युद्ध में अमेरिका को बढ़त मिली है और ईरान को भारी नुकसान हुआ है। ट्रंप ने कहा कि ईरान की नौसेना तबाह हो चुकी है। उसकी वायुसेना खत्म हो चुकी है और उसके रडार व एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के कई नेता अब नहीं हैं और उसकी स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। ट्रंप ने कहा कि कोई भी समझौता तभी किया जाएगा।

## अमेरिकी नौसेना का तीसरा युद्धपोत खाड़ी पहुंचा

अमेरिकी सेना का यूएसएस जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश विमानवाहक पोत पश्चिम एशियाई क्षेत्र में पहुंच गया है। इसके साथ ही इस इलाके में तैनात अमेरिकी विशाल युद्धपोतों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि यह कैरियर 23 अप्रैल को हिंद महासागर में उसके जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में संचालित हो रहा था। पोस्ट के साथ साझा की गई तस्वीर में एयरक्राफ्ट कैरियर के डेक पर बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान तैनात दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी सेना के अनुसार यूएसएस जॉर्ज एचडब्ल्यू बुश विमानवाहक पोत पश्चिम एशिया पहुंच गया है, जिससे इस क्षेत्र में अमेरिकी युद्धपोतों की संख्या तीन हो गई है।



### भारतीय दूतावास ने दी सलाह

## ईरान की यात्रा न करें, भारतीय नागरिक देश छोड़ें

तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने ईरान में जारी क्षेत्रीय तनाव और उड़ान सेवाओं पर असर को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए अहम यात्रा परामर्श जारी किया है। दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिक फिलहाल ईरान की यात्रा न करें, चाहे वह हवाई मार्ग से हो या जमीनी रास्ते से। भारतीय दूतावास ने दोहराया कि ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिक जल्द से जल्द देश छोड़ने की प्रक्रिया शुरू करें। वहां रह रहे भारतीय नागरिक केवल निर्धारित जमीनी सीमा मार्गों से ही बाहर निकलें और यह पूरी प्रक्रिया दूतावास के समन्वय में करें।

### ईरानी सुप्रीम लीडर का हाल

## पैर की तीन सर्जरी, चेहरा भी झुलसा

ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई चिट्ठियों के जरिए ईरानी शासन के संपर्क में हैं। ईरानी अधिकारियों ने बताया है कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई मानसिक रूप से पूरी तरह सक्रिय हैं, लेकिन शारीरिक चोटें काफी गंभीर हैं। उनके एक पैर का तीन बार ऑपरेशन हो चुका है और अब उन्हें कृत्रिम पैर की जरूरत है। एक हाथ की भी सर्जरी हुई है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। उनके



चेहरे और होंठ बुरी तरह झुलस गए हैं, जिससे बोलने में दिक्कत हो रही है, और आगे चलकर खामेनेई को प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। सुरक्षा के चलते और अमेरिका और इजराइल की निगरानी से बचने के लिए उन तक संदेश पहुंचाने का तरीका भी बेहद गोपनीय रखा गया है। संदेश हाथ से लिखे जाते हैं, लिफाफों में सील किए जाते हैं और फिर भरोसेमंद कूरियरों की एक श्रृंखला के जरिए आगे बढ़ाए जाते हैं।

## ईरान के पास अच्छी डील का मौकाः हेगसेथ

*अराघची के इस्लामाबाद पहुंचने की अटकलों के बीच अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान के पास अमेरिका से अच्छी डील करने की मौका है। एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने यह बात कही। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि ईरान के पास बातचीत की मेज पर समझदारी से फैसला लेने का खुला मौका है।*

## युद्ध के लिए यूएस की 'हां' का इंतजारः इजराइल

शांति वार्ता के बीच इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इकहा कि इजराइल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तेज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बस अमेरिकी की हरी झंडी का इंतजार है। एक सुरक्षा बैठक के दौरान काट्ज ने खुली चेतावनी देते हुए कहा कि इजराइली सेना (आईडीएफ) पूरी तरह तैयार है और जरूरत पड़ने पर हमला और बचाव दोनों कर सकती है। उन्होंने कहा कि सभी संभावित टारगेट चिन्हित किए जा चुके हैं। ईरान अपने लोगों पर सख्ती से नियंत्रण रखता है और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और बसिज जैसे संगठनों के जरिए दबाव बनाता है।



### खबर संक्षेप

## सेना प्रमुख द्विवेदी 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल



**वॉशिंगटन।** भारत के थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका के पेनसिल्वेनिया स्थित यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के 'इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है। वह यह सम्मान पाने वाले जनरल वीके सिंह और जनरल बिक्रम सिंह के बाद तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं। कॉलेज के पूर्व छात्र जनरल द्विवेदी ने प्रमुख केंद्रों का दौरा किया और शैक्षणिक कार्यक्रमों में भाग लिया। संकाय सदस्यों और अंतरराष्ट्रीय छात्र अधिकारियों को नेतृत्व, पेशेवर सैन्य शिक्षा और बदलती सुरक्षा परिस्थितियों पर भी संबोधित किया।

# युद्ध की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक सुरक्षित लौटे 12 लाख 38 हजार लोग

**तेहरान में चौबीसों घंटे भारतीयों को मदद पहुंचाता दूतावास, आर्मेनिया, अजरबैजान पहुंचे 2 हजार 432 लोग**

## ईरान में संघर्षविराम के बावजूद हालात बेहद गंभीर, भारतीयों की तेजी से जारी स्वदेश वापसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में अमेरिका और ईरान युद्ध की शुरुआत से लेकर अब तक कुल 12 लाख 38 हजार भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी हो चुकी है। इस पूरी कवायद में क्षेत्र में मौजूद भारत के दूतावास और वहां से आ रही गैर- पंजीकृत कमर्शियल उड़ानों का अहम योगदान है।

लेकिन यहां पर इस तथ्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि संघर्षविराम के बावजूद ईरान में हालात बहुत ही गंभीर बने हुए हैं। तेहरान में मौजूद हमारा दूतावास भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी कराने के काम में जुटा हुआ है। उनकी इस प्रतिबद्धता की सराहना की जानी चाहिए।



सरकार की युद्ध से जूझते समूचे क्षेत्र पर कड़ी नजर बनी हुई है। जिसमें इलाके में बड़ी तादाद में रह रहे देश के नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में शामिल किया गया है। यह जानकारी राजधानी में शुक्रवार को हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल और मंत्रालय में ही अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम.आर.महाजन ने दी है।

**ईरान ने आंशिक खोला एयरस्पेस, खतरा बरकरारः** असीम महाजन ने बताया कि भारत युद्ध से बुरी तरह से प्रभावित ईरान से भी अपने लोगों को सही सलामत देश वापस लाने में जुटा हुआ है। इसी क्रम में अब तक कुल करीब 2 हजार 432 लोग सड़क मार्ग से ईरान की सीमा को पार कर आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंच चुके हैं।

जिनमें 196 आम भारतीय और 657 मछुआरे भी शामिल हैं। सभी को ईरान से सुरक्षित बाहर निकालने में तेहरान में मौजूद हमारे दूतावास का अहम योगदान है। उन्होंने कहा, ईरान ने अपना एयरस्पेस कार्गो और चार्टर्ड फ्लाइट के लिए खोला है। बीते गुरुवार को तेहरान में भारत के दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए अपडेट के साथ एक परामर्श जारी किया है। जिसमें उन्हें ईरान द्वारा हवाई उड़ान सेवाओं की फिर से शुरुआत करने के बाद भी सड़क या हवाई मार्ग से ईरान की यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है। साथ ही यह भी कहा है कि जो लोग अभी ईरान में हैं।

वो जल्द से जल्द देश छोड़कर सड़क मार्ग से सुरक्षित बाहर निकलें। इजरायल का एयरस्पेस भी खुला हुआ है और वहां से भी भारतीय देश वापस आ रहे हैं।

**विदेशी जहाजों की करते निगरानीः** होर्मुज जलडमरूमध्य की ईरान द्वारा की गई नाकेबंदी के बीच वर्तमान में फारस की खाड़ी क्षेत्र में भारत के कुल 14 मालवाहक जहाज फंसे हुए हैं। जिनमें से 13 देश का ध्वज लगे हुए हैं और एक जहाज ऐसा है, जो हमारे द्वारा स्वीकृत है। चुनौतीपूर्ण समय में कुछ विदेशी ध्वज वाले जहाज भी हैं। जो ऊर्जा, उर्वरक और अन्य वाणिज्यिक कंटेनर लेकर देश पहुंच रहे हैं। उन पर भी हमारी नजर बनी हुई है। महाजन ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद भारतीय नाविकों की सुरक्षा भी हमारी शीर्ष प्राथमिकता शुमार है। इस कार्य में हमारे मिशन उन्हें काउंसलर सहायता से लेकर वतन वापसी करने के लिए हर संभव मदद पहुंचा रहे हैं।

**खाड़ी में हवाई उड़ानों की स्थिति बेहतरः** खाड़ी क्षेत्र में हवाई उड़ानों की समूची स्थिति ठीक है और वहां से भारत के अलग-अलग भागों के लिए लगातार उड़ान आ रही हैं।

विमानन कंपनियां लोगों को लाने से पहले उनकी सुरक्षा और रणनीतिक स्थिति का व्यापक रूप से जायजा ले रही हैं और उसके बाद ही जरूरी कदम उठा रही हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 24 अप्रैल को कुल 110 उड़ानें देश आने की संभावना है। सऊदी-अरब और ओमान से भी हम अपने देश के लोगों को लाने की व्यवस्था कर रहे हैं। कतर एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला हुआ है। वहां से भारत के अलग- अलग इलाकों के लिए उड़ानें भारत आ रही हैं। कुवैत का एयरस्पेस पूरी तरह से खुला हुआ है।

जजीरा एयरस्पेस और कुवैत एयरवेज ने घोषणा की है कि वो अपनी सीमित गैर पंजीकृत कमर्शियल हवाई उड़ानों के संचालन करने के लिए तैयार है। खाड़ी के दोनों देश सऊदी-अरब के दम्माम हवाईअड्डे से अपनी उड़ानों का संचालन कर रहे हैं। इसके अलावा बहरीन का एयरस्पेस खुला है। वहां से कई उड़ान स्वदेश आ रही हैं। इराक का एयरस्पेस भी फिलहाल खुला हुआ है। लेकिन वहां से सीमित हवाई उड़ान जारी हैं।

### 28 अप्रैल को पहुंचेंगी भारत, विदेश मंत्री जयशंकर के साथ होगी बैठक

## यूएनजीए के 80वें सत्र की अध्यक्ष बेयरबॉक करेंगी भारत की यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80 वें सत्र की अध्यक्ष सुश्री एन्नालेना बेयरबॉक 28 अप्रैल को भारत की यात्रा करेंगी। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के निमंत्रण पर हो रही इस यात्रा के दौरान उनके और बेयरबॉक के बीच साझा हितों से जुड़े हुए प्रमुख बहुपक्षीय मामलों पर चर्चा की जाएगी। बेयरबॉक के कार्यक्रम के मुताबिक, वह भारत पहुंचने पर राजघाट भी जाएंगी। वहां पर उनके द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके अलावा विदेश मंत्री और केंद्रीय



इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के साथ बेयरबॉक की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के मामले को लेकर शासन और नियम-कायदों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यहां बता दें कि यूएनजीए के 80 वें सत्र की अध्यक्ष की यह पहली भारत यात्रा है। जो भारत और संयुक्त राष्ट्र के बीच सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के संदर्भ में काफी महत्वपूर्ण समझी जा रही है।

### समूह के उप-विदेश मंत्रियों, विशेष राजदूतों की बैठक में मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष को लेकर जताई गई गंभीर चिंता

## तो क्या अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच ब्रिक्स में नहीं बन पा रही आम सहमति?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में बीते 56 दिनों से जारी युद्ध की वजह से चुनौतीपूर्ण बने हुए अंतरराष्ट्रीय हालात के बीच इस वर्ष भारत ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहा है। लेकिन अभी तक हुए समूह के तमाम विचार-विमर्शों से यही लगता है कि ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों के बीच इस युद्ध को लेकर तय किए जाने वाले रुख को लेकर आम सहमति नहीं पाई है।

जिसका ताजा प्रमाण विदेश मंत्रालय के उस बयान से भी मिलता है। जिसे शुक्रवार को जारी किया गया है। बयान के मुताबिक, बैठक में मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के उप-विदेश मंत्रियों और विशेष राजदूतों (एमईएनए) की




बैठक में वर्तमान में बनी हुई क्षेत्र की स्थिति और मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष को लेकर गंभीर रूप से चिंता जाहिर की गई है। यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है कि यह पूरा घटनाक्रम अगले मई महीने होने वाली ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से ठीक पहले सामने आया है। जो अपने आप में साफ तौर पर यह इशारा कर रहा है कि पश्चिम-एशिया व खाड़ी में चल रहे युद्ध के मामले पर तय किए जाने वाले रुख को लेकर ब्रिक्स समूह के बीच आम सहमति नहीं बन पा रही है। ज्ञात हो कि बीते वक्त में भारत की तरफ से यह कहा गया था कि ब्रिक्स में ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सदस्य देश के रूप में शामिल होने की वजह से अभी तक क्षेत्र में चल रहे संघर्ष को लेकर आम सहमति नहीं बन पाई है। क्योंकि यह सभी देश युद्ध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदार हैं। जिसके चलते इनके बीच मतभेद बने हुए हैं।

### बैठक में उठा फिलिस्तीन, गाजा का मुद्दा

मंत्रालय ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में सचिव (दक्षिण) डॉ. नीना मल्होत्रा ने की। इस दौरान मौजूदा वक्त में बने हुए क्षेत्र के हालात के अलावा मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष को लेकर समूह के सदस्य देशों ने गहरी चिंता प्रकट की है। उन्होंने इसे लेकर अपने-अपने विचार रखने और मामले का आकलन करने पर भी जोर दिया है। बातचीत में फिलिस्तीन के मुद्दे, गाजा की स्थिति (मानवीय सहायता के प्रावधानों को शामिल करने सहित), यूएनआरडब्ल्यूए की भूमिका, आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की सोच के साथ आगे बढ़ना जैसे विषयों को भी शामिल किया गया।

### यूनिफिल पर हमले बर्दाश्त नहीं

सदस्य देशों के कूटनीतिक प्रतिनिधियों ने लेबनान में हालिया हुए युद्धविराम का स्वागत किया और उसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों (यूनिफिल) पर हमलों को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है।

विवाद के बाद पुनर्निर्माण और सीरिया में पुनर्वास, यमन का राजनीतिक रूप से समाधान, इराक में स्थिरता और विकास, लीबिया में राजनीतिक प्रक्रिया की शुरुआत और सूडान के मानवीय संकट पर ध्यान केंद्रित करने जैसे मामलों पर भी बैठक में मंथन किया गया।

समूह ने अगले साल 2027 में चीन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक के दौरान मुलाकात करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109